दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 96 | जयपुर, शनिवार, 18 मार्च, 2023 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2079 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

जरूरी खबर

कोहिनूर अब 'टावर ऑफ लंदन' में प्रदर्शित होगा

लंदन। विवादास्पद औपनिवेशिक काल के हीरे कोहिनूर को मई में 'टावर ऑफ लंदन' में आयोजित सार्वजनिक प्रदर्शनी में "विजय के प्रतीक" के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। बता दें, इस कोहिनूर पर भारत अपना दावा जताता रहा है। ब्रिटेन के महलों का प्रबंधन देखने वाली संस्था 'हिस्टोरिक रॉयल पैलेसेज' (एचआरपी) ने इस सप्ताह कहा था कि प्रदर्शनी में कोहिनूर के इतिहास को भी प्रदर्शित किया जाएगा। दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के ताज में यह हीरा जड़ा हुआ है।

एयर इंडिया कर्मचारियों के लिए VRS योजना

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालनों के कर्मियों के लिए शुक्रवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना की पेशकश की है। पिछले वर्ष एयरलाइन का अधिग्रहण करने के बाद टाटा समूह दूसरी बार ऐसी पेशकश लाया है। यह ऑफर स्थाई सामान्य कैडर के अधिकारियों के लिए है, जो 40 वर्ष या अधिक आयु के हैं और एयरलाइन में न्यूनतम पांच वर्ष की निरंतर सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं। इसके अलावा, क्लर्क या गैर-कुशल श्रेणी के कर्मचारी, जो न्यूनतम पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर चुके हैं वे भी इसके लिए पात्र हैं। यह ऑफर 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। करीब 2,100 कर्मचारी इस स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेशकश के लिए पात्र हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

मुख्यमंत्री गहलोत का जियोग्राफी से पॉलिटिकल स्ट्रोक: कुल जिले हुए 50 और संभाग 10

प्रदेश में 14 साल बाद बने 19 नए जिले... तीन नए संभाग भी मिले

बेधड़क | जयपुर

■ मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इस ऐलान से सबको साधा

■ विपक्षी विधायकों ने भी हाथ जोड़ कर किया अभिवादन

■ रक्षाबंधन से महिलाओं को मोबाइल का वितरण

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक के बाद एक मास्टर स्ट्रोक खेल रहे हैं। इस बार उन्होंने प्रदेश के जियोग्राफी मैप में बदलाव करते हुए बड़ा पॉलिटिकल स्ट्रोक खेल डाला। मुख्यमंत्री गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में प्रदेश में 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाए जाने का ऐलान कर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से उठ रही इस मांग को पूरा कर दिया। गहलोत के इस ऐलान के बाद राजस्थान में 50 जिले और 10 संभाग हो गए हैं। मुख्यमंत्री के इस बड़े स्ट्रोक का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि नए जिलों के ऐलान का सत्ता पक्ष ही नहीं, प्रतिपक्ष के विधायकों ने भी मेजें थपथपाकर और खड़े होकर का स्वागत किया। वित्त एवं विनियोग विधेयक पर शुक्रवार को चर्चा का जवाब देते हुए सीएम गहलोत ने यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना के तहत प्रथम चरण में रक्षाबंधन पर्व से 40 लाख महिलाओं को निशुल्क स्मार्टफोन देने सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

गहलोत ने कहा कि नए जिलों के गठन को लेकर सरकार को सुझाव देने के लिए रिटायर्ड आईएएस रामलुभाया की अध्यक्षता वाली हाईपावर कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने फाइनल रिपोर्ट सरकार को दे दी है। उन्होंने कहा कि मैंने विधायकों से कहा था कि आप मांगते हुए थक जाओगे मैं देते हुए नहीं थकूंगा। गहलोत ने कमेटी का कार्यकाल हाल ही में 6 महीने के लिए बढ़ाया गया था। कमेटी के पास 50 से ज्यादा जगहों के नेता अलग-अलग ज्ञापन देकर नए जिलों की डिमांड रख चुके थे। कांग्रेस के विधायक भी अपने-अपने क्षेत्रों में नए जिलों के गठन की मांग कर रहे थे। कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने तो अपने क्षेत्र बालोतरा को नया जिला नहीं बनाने तक नंगे पांव रहने का प्रण लिया हुआ था। नए जिलों और संभागों की घोषणा करने को लेकर राजनीतिक विशेषज्ञ से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का बड़ा दांव मान रहे हैं।

ये नए 19 जिले

1. अनूपगढ़
2. बालोतरा
3. ब्यावर
4. डीडवाना
5. दूदू
6. गंगापुर सिटी
7. जयपुर उत्तर
8. जयपुर दक्षिण
9. केकड़ी
10. जोधपुर उत्तर
11. जोधपुर दक्षिण
12. कोटपूतली
13. बहरोड़
14. नीमकाथाना
15. फलोदी
16. सलूंबर
17. सांचौर
18. शाहपुरा (भीलवाड़ा)
19. डीग

तीन नए संभाग

बांसवाड़ा, पाली और सीकर। यानी अब प्रदेश में 50 जिले और 10 संभाग होंगे।

जयपुर को चार जिलों में बांटा

जयपुर जिले को तोड़कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, दूदू और कोटपूतली जिला बना है। जोधपुर को भी जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम व फलोदी में बांटा है।

महाकाल की तर्ज पर गोविंददेवजी कॉरिडोर

सीएम ने उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर के विकास की घोषणा की। इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह पुष्कर विकास प्राधिकरण बनेगा। त्रिपुरा सुंदरी, सांवलियाजी, खोले के हनुमानजी, तनोट मातेश्वरी, श्रीनाथजी, कैला देवी, वीर तेजा जी, एकलिंगजी जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के विकास के लिए डीपीआर बनाई जाएगी।

2008 के बाद से था नए जिलों के ऐलान का इंतजार

राजस्थान भौगोलिक लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ राजस्थान का 33वां जिला बना था। सीएम के शुक्रवार के इस नए ऐलान से करीब 14 साल पहले हनुमानगढ़ को जिला बनाया गया था। वहीं संभाग मुख्यालय की आखिरी घोषणा भी 2005 को हुई थी। 4 जून, 2005 को राजस्थान का 7 वां संभाग भरतपुर को बनाया गया था। यानी 17 साल बाद प्रदेश को 3 नए संभाग मिले हैं।

राजे ने कहा- राजनीतिक स्वार्थ भरा निर्णय

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गहलोत के इस ऐलान को राजनीतिक स्वार्थ वाला करार दिया और कहा कि सरकार की नई घोषणाएं अपने व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति करने का प्रयास भर है। इस कोशिश में उन्होंने राजस्थान के पूरे आर्थिक तंत्र को दांव पर लगा दिया है। जिसका खामियाजा आने वाले वर्षों में प्रदेश और जनता को भुगतना पड़ेगा। नए ज़िले बनाए जाने की प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को नजरअंदाज कर दिया गया है। जिस कारण नए जिले बनने से होने वाली सुगमता के बजाय जनता को प्रशासनिक जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश के चिंताजनक राजकोषीय संकेतकों को मुख्यमंत्री जी ने ताक पर रखकर बजट का राजनीतीकरण करने का प्रयास किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

पहला वनडे: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

राहुल, जडेजा ने खेली जिताऊ पारी

एजेंसी | मुंबई

यहां वानखेड़े स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। केएल राहुल ने नाबाद 75 और रविंद्र जडेजा ने नाबाद 45 रन के साथ 108 रन की साझेदारी कर जीत दिलाई।

टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने की फैसला किया। कप्तान का ये फैसला सही साबित हुआ, क्योंकि कंगारू टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 188 रनों पर ढेर कर दिया। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट चटकाए। 2 विकेट जडेजा को मिले। 188 रनों के जवाब में भारत की बल्लेबाजी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय भारत के 3 विकेट 16 रन पर ही गिर गए। बाद में 39 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल भी स्टार्क का शिकार बने। इसके बाद केएल राहुल ने हार्दिक पांड्या और रविंद्र जडेजा के साथ अच्छी साझेदारी निभाकर जीत भारत की झोली में डाल दी।

कांग्रेस का प्रदेश के लिए बड़ा संकेत... योजनाओं की जमकर तारीफ

AICC के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर 'राजस्थान में गहलोत फिर से'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव में अगले नेतृत्व के सवाल पर पार्टी आलाकमान ने शुक्रवार को बड़ा संकेत दे डाला। एआईसीसी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शुक्रवार को पार्टी की तरफ से संदेश लिखा गया है कि राजस्थान में गहलोत फिर से। साथ ही, एक रील अपलोड की गई है। इसमें गहलोत सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया है। रील के अंत में मिशन 2023-28 लिखकर "राजस्थान में गहलोत फिर से" का बड़ा संदेश दिया गया है। वीडियो में मारियो बने अशोक गहलोत सुपर पावर के साथ नजर आ रहे हैं।

गहलोत की उपलब्धियों का बखान

रील में दिखाया है कि गहलोत सरकार ने साल 2018 से 2023 तक प्रदेश का निरंतर विकास किया और कार्यकाल का 5वां बजट पेश किया। आलाकमान के मुताबिक राजस्थान में पेपर लीक पर एसटीएफ का गठन, उड़ान योजना, महिलाओं का रोडवेज में आधा किराया, स्कूटी वितरण, संजीवनी घोटाला उजागर, न्यूनतम पेंशन 1000 रुपए, कोचिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं में फ्री आवेदन, आम आदमी को 100 यूनिट और किसानों को 2 हजार यूनिट बिजली फ्री, इंदिरा रसोई में 8 रुपए में भोजन, 500 रुपए में गरीबों को सिलेंडर के बाद अब राजस्थान में नई चुनौतियों के लिए फिर से तैयार यानी 2023 से 2028 तक गहलोत फिर से।

मौसम का सितम

आंधी... बिजली के साथ जयपुर समेत प्रदेशभर में बारिश व ओलावृष्टि

- आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत, एक झुलसा, कई पशु मरे
- दिन का पारा 4 से 5 डिग्री गिरा, जयपुर @30 डिग्री
- प्रदेशभर में सिस्टम का असर 20 मार्च तक रहने की संभावना

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बुधवार से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर शुक्रवार को भी दिखा। जिसके चलते राजधानी समेत जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, उदयपुर और भरतपुर संभाग के कई क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ बारिश व ओलावृष्टि हुई। इससे किसान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इधर, जयपुर में शाम होते- होते आसमान काले बादलों से अट गया, तेज आंधी चली और देर रात तक कई जगह बारिश हुई। दूसरी तरफ, कठूमर (अलवर) में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला तो बीकानेर में बिजली गिरने से एक दर्जन पशुओं की मौत हो गई। वहीं, बायतु (बाड़मेर) में एक युवक झुलस गया। इधर, प्रदेश में हुई बारिश से कई जगह दिन में पारा तीन से चार डिग्री लुढ़क गया। राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20.4 एवं न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में इस सिस्टम का असर 20 मार्च तक रहने की संभावना है।

फोटो: राजेश कुमावत

सर्वाधिक बारिश जयपुर के शाहपुरा में

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश जयपुर के शाहपुरा में 44 एमएम और पश्चिमी राजस्थान के नागौर में 7 एमएम दर्ज की गई है। वहीं, राजसमंद के कुंभलगढ़ में 4 एमएम और बीकानेर के बिज्जू में 6 एमएम बारिश दर्ज हुई।

चित्तौड़गढ़ में सबसे अधिक और कम तापमान

प्रदेश में शुक्रवार को अधिकतम तापमान सर्वाधिक चित्तौड़गढ़ में 34.9 डिग्री दर्ज हुआ एवं इसके अलावा जालौर 34.1, बाड़मेर 33.9, डूंगरपुर 33.2, टोंक में 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दूसरी तरफ सबसे न्यूनतम तापमान चित्तौड़गढ़ 13.6 डिग्री दर्ज हुआ एवं इसके अलावा बारां 14.7, भीलवाड़ा में 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

बारिश से बढ़ी किसानों की परेशानी

प्रदेशभर में शुक्रवार को हुई बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। राजधानी के ग्रामीण इलाकों के अलावा प्रदेश के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश से खेतों में पानी भरने और ओलावृष्टि से फसल खेत में पसर कर खराब हो गई।

ओलों का अलर्ट

प्रदेश में शनिवार को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा व उदयपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक और नया पश्चिमी विक्षोभ रविवार से प्रभावी होगा, जिससे 19 और 20 मार्च को प्रदेश के कुछ भागों में वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना है।

जरूरी खबर

गवर्नर कटारिया व सर्वश्रेष्ठ विधायकों का सम्मान 20 को

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में 20 मार्च को असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और सर्वश्रेष्ठ विधायक अमीन खां और अनिता भदेल का सम्मान किया जाएगा। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित मंत्री मंडल के सदस्य व विधायक मौजूद रहेंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधानमंडल की भूमिका पर सेमिनार होगी। वहीं पहली से पंद्रहवीं विधानसभा के सदस्यों के जीवन परिचय पर आधारित सॉफ्टवेयर 'हमारे विधायक' का लोकार्पण भी किया जाएगा।

उदयपुर जिले में पेयजल के लिए 362.13 करोड़

जयपुर। उदयपुर जिले के 367 गांवों के लाखों ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 362.13 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की इस मंजूरी से सोम-कमला-अम्बा बांध से जल प्रदाय योजना के द्वारा उदयपुर जिले के इन गांवों को पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा की अनुपालना में यह वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

अजमेर डिस्कॉम ने की सर्वाधिक राजस्व वसूली

जयपुर। अजमेर डिस्कॉम कई योजनाओं के संचालन के साथ राजस्व वसूली अभियान में भी राज्य में अव्वल रहा है। अजमेर डिस्कॉम ने फरवरी माह में 1033.59 करोड़ रुपयों की वसूली की है। इतना ही नही डिस्कॉम ने इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 99.96 प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल किया है। फरवरी माह तक कुल 11691.85 करोड़ रुपयों की राजस्व वसूली की है। डिस्कॉम ने अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लक्ष्य तय किए थे। अजमेर डिस्कॉम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील कि है कि वे समय पर बिजली का बिल जमा कराएं, जिससे डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में और अधिक सुधार हो सके।

विधानसभा में विपक्ष का प्रहार: नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का आरोप- गहलोत सरकार में बढ़ रहा कर्ज भार

कर्ज लेकर एसेट्स नहीं, सिर्फ रोजमर्रा का निकाल रहे खर्चा

बेधड़क | जयपुर

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्य सरकार पर वित्त कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए लगातार बढ़ रहे कर्ज और योजनाओं की क्रियान्विति को लेकर घेरा। वित्त विनियोग विधेयक (बजट) पर हुई चर्चा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पहले नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से राठौड़ ने कहा कि 4 साल में सरकार की स्थिति केवल योजनाओं की घोषणा की रही है। धरातल पर कोई काम नहीं दिखा। राठौड़ ने पिछले 4 साल के बजट से इस साल के बजट की तुलना कर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में आज तक जिसकी सबसे कम उपस्थिति रही है, वो खुद मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपकी गैर मौजूदगी में तो आपके ढाई दर्जन विधायकों ने मंत्रियों की नाकामी गिना दी। राठौड़ ने कहा कि आप इतना विशाल बजट लेकर आए हो, तो वित्त का प्रबंध करो, आप कर्ज पर कर्ज लिए जा रहे हो। कर्ज हमने भी लिया, लेकिन उससे हमने एसेट्स कमाया। आप तो अपने रोजमर्रा के सरकार के खर्चे निकाल रहे हो। आप कर्मचारियों के पैसे को जीपीएफ फण्ड में

डालो, आप आने वाली सरकारों के लिए मुसीबत छोड़कर जा रहे हैं। ओपीएस आपने लागू की, लेकिन आने वाली सरकारों के लिए कंटीला मार्ग छोड़कर जा रहे हो।

वेतन भुगतान, पेंशन और ब्याज में जा रही सरकार के राजस्व की 56.5% राशि

राठौड़ ने कहा कि हम ओपीएस के विरोधी नहीं, लेकिन आने वाली सरकारों के लिए मुसीबत छोड़कर जा रहे हैं। सरकार के राजस्व का 56.5% पैसा तो वेतन भुगतान, पेंशन और ब्याज में चला जाता है और हम विकास की बड़ी बड़ी बात करते हैं। विनियोग विधेयक में जिस राशि की अनुमति ली जा रही है तो वह व्यवस्था कैसे होगी? अगर रिवेन्यू रिसिप्ट में पैसा होगा तो विकास होगा न, केंद्र को पानी पी-पी कर कोसने वाले कैसे भूल जाते हैं, केंद्र पर आरोप लगाने वाले सोचे कि कुल रेवेन्यू रिसिप्ट का 40% पैसा तो केंद्र से आ रहा है।

श्रीनाथजी की तरह दर्शन होते हैं सीएम के

राठौड़ ने कहा कि विधानसभा का यह सत्र सबसे यादगार रहेगा। यह इतिहास में दर्ज किया जाएगा, जिसमें लगभग सभी ने समान रूप से हिस्सा लिया, लेकिन यहां एक और इतिहास बना है, वो है विधानसभा में सबसे कम उपस्थिति का। मुख्यमंत्री जी खुद विधानसभा की कार्यवाही में सबसे कम मौजूद रहे हैं।

राठौड़ बोले आप गांधीवादी, बात मानो... छोड़ दो शराब: गहलोत

गहलोत के संबोधन के दौरान राठौड़ ने कहा कि क्या आप हमारे विधायकों की सड़कों का ध्यान रखेंगे, आप तो गांधीवादी हैं। इस पर गहलोत ने चुटकी लेते हुए कहा कि आप मुझे 3 बार गांधीवादी कह चुके हैं। मैं गांधीवादी हूं तो फिर आप मेरी बात मानकर शराब छोड़ सकते हो क्या। राठौड़ ने कहा कि आपको किसी की निजी जिंदगी में झांकने का अधिकार किसने दिया। इस पर सीएम ने कहा कि अपने चाहने वालों के जीवन में झांकना पड़ता है, आपके इंट्रेस्ट में झांकना पड़ता है।

विधानसभा में पारित हुआ राज्य का वर्ष 2023-24 का बजट

बीजेपी के अड़ंगों से रुकने वाली नहीं ओपीएस: सीएम

बेधड़क | जयपुर

- गहलोत ने कहा- बिना टैक्स लगाए पेश किया है चौथा बजट
- कार्मिकों को मई 2023 से सेवानिवृत्ति के दिन ही समस्त पेंशन परिलाभ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा में शुक्रवार को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रदेश की जनता के लिए कुछ और ऐलान किए। गहलोत ने कहा कि वे अपने इस कार्यकाल का चौथा ऐसा बजट पेश कर रहे हैं, जिसमें कोई टैक्स नहीं लगाया गया है। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर कहा कि चुनाव से पहले प्रधानमंत्री को कोई बड़ा फैसला करना पड़ेगा। समझ जाओ, मानवीय दृष्टिकोण से हमने फैसला किया है। गहलोत ने विपक्ष की तरफ ईशारा करते हुए कहा कि अभी भी समय है, हम सभी ने सोच समझकर ही तो ओपीएस लागू किया है। ओपीएस को समझने के लिए दूसरे स्टेट की टीमें यहां आ रही हैं। हमने सामाजिक सुरक्षा को मुद्दा बनाया है। ओपीएस पूरे देश में लागू होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि प्रदेश में ओपीएस रुकने वाली नहीं है, चाहे कितनी ही अड़चन बीजेपी लगाए। मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि आजादी के साठ सालों तक यह योजना लागू रही है। अब आपको इसमें नुकसान दिख रहा है तो देश भर के विधायकों और सांसदों के वेतन या पेंशन का हिस्सा शेयर मॉर्केट में लगाने का कानून पारित करके दिखाएं। गहलोत ने कहा कि कर्मचारियों को रिटायरमेंट के दिन ही सभी पेंशन लाभ दिए जाएंगे। साथ ही 75 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स के लिए 10 फीसदी पेंशन बढ़ाने की घोषणा की।

75 करोड़ से ब्रिज कोर्स होंगे संचालित

सीएम ने कहा कि आगामी वर्ष में 75 करोड़ रुपए की लागत से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ब्रिज कोर्स संचालित किए जाएंगे। साथ ही 500 प्राथमिक विद्यालयों का उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तथा 500 उच्च प्राथमिक विद्यालयों का उ.मा. विद्यालयों में क्रमोन्नयन करने की घोषणा की। 400 उच्च मा.विद्यालयों में विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय/विषय प्रारंभ किए जाएंगे। मदरसों के बच्चों को 2 सेट निःशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाए जाएंगे। साथ ही 6843 शिक्षा अनुदेशक (मदरसा पैराटीचर्स) भर्ती किए जाएंगे।

मजबूत है आर्थिक स्थिति

गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार के उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन के कारण राज्य की वर्तमान आर्थिक स्थिति मजबूत है। कोरोना महामारी के दौरान उत्पन्न हुई परिस्थितियों के बावजूद राज्य आर्थिक प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2023-24 के बजट में 1018 घोषणाएं की गई, जिनमें से 250 घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। जन घोषणा पत्र के 80 प्रतिशत वादे पूर्ण किए जा चुके हैं तथा लगभग 16 प्रतिशत प्रगतिरत हैं।

सौभाग्य योजना से वंचितों को बिजली

गहलोत ने कहा कि केन्द्र की सौभाग्य योजना समाप्त होने पर घरेलू विद्युत कनेक्शन से वंचित रहने वाले 2 लाख परिवारों को 1000 करोड़ रुपए की लागत से घरेलू कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे। जल जीवन मिशन के तहत उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं राजसमन्द जिलों के 8 कस्बों तथा 1473 गांवों के 3 लाख परिवारों को 4674 करोड़ रुपए की लागत से हर घर जल कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे। आदिवासी एवं मरुस्थलीय क्षेत्रों में 250 से अधिक आबादी वाले गांवों को डामर सड़कों से जोड़ा जाएगा।

राजस्व ढांचा होगा मजबूत

राजस्थान में बनाए जाएंगे 1 हजार 35 नए पटवार मण्डल

बेधड़क | जयपुर

राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने शुक्रवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में शेष रही सभी 35 ग्राम पंचायतों पर पटवार मण्डल संचालित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस वर्ष के बजट में प्रदेश में 1 हजार 35 नए पटवार मण्डलों के सृजन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नए पटवार मण्डलों के सृजन के बाद प्रदेश की अधिकांश ग्राम पंचायतों पर पटवार मण्डल संचालित हो जाएंगे।

जाट ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में विधायकों की तरफ से पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में कुल 81 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से 35 ग्राम पंचायतों पर पटवार मंडल संचालित नहीं हैं। वहीं प्रदेश में ऐसी कुल 1600 ग्राम पंचायतें हैं, जहां पटवार मण्डल नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने बजट में की थी घोषणा

इससे पहले राजस्व मंत्री ने विधायक दिव्या मदेरणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि विधान सभा क्षेत्र ओसियां में 35 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां पर पटवार मण्डल मुख्यालय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों एवं काश्तकारों की सुविधा के लिए समस्त 11 हजार 307 पंचायत मुख्यालयों पर पटवार मुख्यालय की स्थापना करने की दृष्टि से 1 हजार 35 नए पटवार मण्डलों का सृजन किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा बजट सत्र 2023-24 के बजट भाषण के बिंदु संख्या 177 में की गई है। राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सामराऊ को उप तहसील बनाने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

कन्याकुमारी से शुरू होकर जयपुर पहुंची किसान यात्रा

मुख्यमंत्री से मिला 8 राज्यों के किसानों का प्रतिनिधिमण्डल

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर 8 राज्यों से आए किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। किसान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से अपनी विभिन्न मांगों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया। किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि पूर्व में प्रधानमंत्री तक अपनी मांगें पहुंचाने के उनके प्रयास सफल नहीं रहे हैं। किसान प्रतिनिधियों के द्वारा केन्द्र सरकार से की गई मांगों में किसानों को लाभदायक न्यूनतम समर्थन मूल्य देना, राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा किसानों की कर्ज माफी,

तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध आंदोलन में भाग लेने वाले किसानों के खिलाफ मुकदमे निरस्त करना, मार्केट गारंटी एक्ट सहित कुल 10 मांगें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इन मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें केन्द्र सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उल्लेखनीय है कि विभिन्न राज्यों के किसानों द्वारा केन्द्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर 2 मार्च को कन्याकुमारी से किसान यात्रा शुरू की गई है। देश के विभिन्न राज्यों से होते हुए यह यात्रा राजस्थान पहुंची है।

चर्चा: कांग्रेस के एससी-एसटी, ओबीसी मोर्चे की बैठक

विधानसभा चुनाव में जीत के बताए गुर

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी-एसटी व ओबीसी विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर, ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर , ओबीसी स्टेट चेयरमैन की शुक्रवार को आईसीसी वार रूम में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग राष्ट्रीय प्रभारी राजू के नेतृत्व में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए कैप्टन अजय सिंह यादव ने रायपुर में आईसीसी द्वारा आयोजित महाअधिवेशन में किए गए ओबीसी आरक्षण में संशोधन की विस्तृत जानकारी दी। राजू ने कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी राज्यों की रिजर्व सीटों पर जीत हासिल करने का राजनीतिक गुर और रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी की प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी कि सभी राज्यों की आरक्षित सीटों पर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करवा इन सभी सीटों पर विजय हासिल करें।

पदाधिकारियों ने एससी-एसटी, ओबीसी व माइनॉरिटी विभाग को अग्रिम संगठन का दर्जा देने, विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर, स्टेट चेयरमैन को एआईसीसी मेंबर एवं पीसीसी मेंबर बनाए जाने और आरक्षित सीटों पर टिकट वितरण कमेटी में सदस्य बनाने की मांग की।

कांग्रेस के बड़े नेताओं की मांग पूरी

नए जिलों व संभागों की घोषणा में दिग्गजों की सिफारिशों को तरजीह

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नए जिले और संभाग गठन के फैसले में कांग्रेस के दिग्गजों को तवज्जो मिलती दिखाई दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के गृह जिले सीकर व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया के गृह जिले बांसवाड़ा को संभाग बनाया गया है। वहीं गुजरात प्रभारी रघु शर्मा, मंत्री राजेन्द्र यादव, विश्वेन्द्र सिंह, सुखराम विश्नोई, उपसचेतक महेन्द्र चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर अपने इलाकों को जिला बनाने में सफल हो गए। माना जा रहा

है कि राजस्थान हीं नहीं, देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य में एक साथ 19 जिले बनाए गए हैं। राजस्थान जिलों के मामले में देश में तीसरे नंबर पर आ गया है। उत्तर प्रदेश में 75 जिले और मध्यप्रदेश में 52 जिले हैं। उसके बाद 50 जिलों के साथ तीसरा नंबर

राजस्थान का आता है। चौथे नंबर पर बिहार 38 जिले और महाराष्ट्र 36 जिलों के साथ 5वें नंबर पर है। वहीं कांग्रेस के अंदर ही जिलों के निर्णयों को लेकर विरोध के स्वर भी उठे हैं।

बसपा छोड़ कांग्रेस का साथ देने वाले विधायक संदीप यादव ने राजस्थान सब-रीजन (एनसीआर) इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस्तीफे का ऐलान किया। यादव भिवाड़ी या तिजारा को नया जिला नहीं बनाने से आहत हैं। यादव ने कहा सरकार को समर्थन बिना प्रलोभन के दिया था, लेकिन आज भिवाड़ी या तिजारा को जिला नहीं घोषित करने से लोगों को बहुत निराशा हुई।

बिना तैयारी कर दी घोषणा

प्रदेश भाजपा के महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 19 जिलों और 3 संभाग की घोषणा 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के विधायकों संतुष्ट करने को ध्यान में रखते हुए की है। नए जिलों के गठन को लेकर रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने में विलंब की बात राज्य सरकार ने कही थी। बिना तैयारी के जिलों के गठन की घोषणा करनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने बजट में केवल 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। नए जिले कब तक बनेंगे, यह नहीं बताया है। जनसंख्या व क्षेत्रफल का ध्यान नहीं रखा गया है। बिना प्रशासनिक सुदृढ़ता व आधारभूत ढांचे के घोषणा करके यह महज राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति मात्र करना है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर ने कहा कि बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलप किए बनाए गए जयपुर, जोधपुर और कोटा के दो-दो नगर निगम आज भी ठीक से काम करने में सक्षम नहीं हो पाए हैं।

जनमत के दबाव में फैसला: पूनियां

जिलों के गठन को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि राजस्थान भौगोलिक रूप से बड़ा प्रदेश है। सबसे पहले नए जिले बनाने की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने हनुमानगढ़ और प्रतापगढ़ को जिला बनाकर की थी। अब कांग्रेस सरकार को जनमत के दबाव में यह फैसला लेना पड़ा, लेकिन प्रदेश की जनता झूठी घोषणाओं के बहकावे में नहीं आएगी, क्योंकि पेपर लीक, किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी, बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार इत्यादि तमाम मुद्दों से प्रदेश का हर वर्ग प्रताड़ित है।

जरूरी खबर

श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है इन्फ्लूएंजा वायरस

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश में इन्फ्लूएंजा ए एच-3 एन-2 के संक्रमण प्रसार की संभावनाओं को लेकर इसके बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इन्फ्लूएंजा ए एच-3 एन-2 से बचाव व नियंत्रण गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. पृथ्वी ने बताया कि एच-3, एन-2 वायरस का संक्रमण व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। बचाव के लिए मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग के बार में जन जागरूकता सहित आवश्यक जांच व निगरानी व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश के समस्त राजकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

माधोराजपुरा में नवीन उपखंड कार्यालय

जयपुर। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर जयपुर जिले के उपखंड फागी का पुनर्गठन करते हुए नए उपखंड कार्यालय माधोराजपुरा का सर्जन किया है। राजस्व विभाग के विशिष्ट शासन सचिव विश्व मोहन शर्मा ने बताया कि नवसृजित उपखंड कार्यालय माधोराजपुरा के क्षेत्राधिकार में क्षेत्रफल 48125.6118 हैक्टेयर, वर्ष 2011 के अनुसार जनसंख्या 91155, भूअभिलेख निरीक्षक वृतों की संख्या 6, पटवार मंडलों की संख्या 22 तथा कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 87 होगी। शर्मा ने बताया कि पुनर्गठित उपखंड कार्यालय फागी के क्षेत्राधिकार में क्षेत्रफल 63312.98, वर्ष 2011 के अनुसार जनसंख्या 99971, भूअभिलेख निरीक्षक वृतों की संख्या 07,पटवार मंडलों की संख्या 30 तथा कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 88 रहेगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

आरटीडीसी अध्यक्ष के साथ मंत्रियों ने आसमान से निहारी गुलाबी नगरी

हेलिकॉप्टर जॉयराइड शुरू, पांच मिनट का चार्ज लगेगा पांच हजार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में आने वाले पर्यटक अब पांच हजार चार्ज देकर पांच मिनट और पंद्रह हजार देकर पंद्रह मिनट आसमान से गुलाबी नगरी की खूबसूरती को निहार सकेंगे।

राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से शुक्रवार को कूकस स्थित शिव विलास होटल में बने हेलीपैड से हेलिकॉप्टर जॉयराइड की शुरुआत की गई। पर्यटक राइड के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड पर बुकिंग कर सकेंगें।

शुक्रवार को आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पूर्व कैबिनेट मंत्री रघु शर्मा और कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत के साथ हेलीकॉप्टर में सवार होकर जयपुर के आसमान से भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने हेलीकॉप्टर से आमेर फोर्ट, नाहरगढ़, जयगढ़, जलमहल और चारदीवारी इलाके के अलावा जंतर मंतर, सिटी पैलेस, गोविंद देव जी के मंदिर को देखा और वापस शिव विलास स्थित होटल आए। इस मौके पर आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने यहां रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान सवाई माधोपुर, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर एवं सरिस्का टाइगर रिजर्व अलवर को सम्मिलित करते हुए वाइल्ड लाइफ सर्किट बनाए जाने की बात कही।

रेतीले धोरों से हुई थी शुरुआत

प्रदेश में सबसे पहले हेलीकॉप्टर जॉयराइड ने जैसलमेर के रेतीले धोरों से उड़ान भरी थी। पर्यटन विभाग ने पुष्कर में होली पर आये पर्यटकों के लिए भी दो दिन इसकी शुरुआत सेम्पल के तौर पर की थी, जहां से इसे पर्यटकों का काफी सहयोग मिला।

धार्मिक स्थलों को जॉयराइड से जोड़ने का लक्ष्य

राजधानी में हेलीकॉप्टर राइड शुरू होने के बाद अब पर्यटन विभाग निगम जल्द ही प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिर पुष्कर, सालासर और खाटू श्याम जी में भी हेलीकॉप्टर जॉयराइड की शुरुआत करने जा रहा है। इतना ही नहीं अगले लक्ष्य के तहत उदयपुर को भी हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ा जाएगा। आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि धार्मिक स्थलों को राइड से जोड़ने के लिए एक सर्किल तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद जल्द ही खाटूश्याम जी, सालासर हनुमान मंदिर और पुष्कर आने वाले भक्तों को राइड करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और सरिस्का टाइगर रिजर्व अलवर को सम्मिलित करते हुए यहां वाइल्ड लाइफ सर्किट बनाया जाएगा।

> राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा हवाई मार्ग से पर्यटन सुविधा के लिए किए गए नवाचार हेलीकॉप्टर जॉयराइड के प्रति पर्यटकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब जयपुर आने वाले पर्यटकों को भी यूनेस्को वर्ल्ड साइट में नामित इस शहर को आसमान से निहारने का मौका मिल सकेगा। इससे पहले आरटीडीसी द्वारा जैसलमेर एवं अन्तर्राष्ट्रीय होली महोत्सव के दौरान पुष्कर में हेलीकॉप्टर जॉयराइड सेवा उपलब्ध करवाई गई।
>
> **धर्मेंद्र राठौड़,** आरटीडीसी अध्यक्ष

लापरवाही: सीसीटीवी कैमरे बदहाल, 96 कैमरों में से आधे खराब

RU की तीसरी आंख 'अंधी' राम भरोसे सुरक्षा व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी की सुरक्षा राम भरोसे है। यूनिवर्सिटी में 96 कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन आधे से ज्यादा खराब हैं। मेंटेनेंस नहीं होने से लाखों की लागत से लगे कैमरों का फायदा न तो स्टुडेंट्स को मिल रहा है और न ही प्रशासन को।

यूनिवर्सिटी में लगे कैमरों में केवल कुलपति सचिवालय और लाइब्रेरी के बाहर वाले सहित करीब 30 कैमरे ही काम कर रहे हैं। लापरवाही का आलम यह है कि बालिका छात्रावास के बाहर लगा कैमरा सड़क की दिशा में न होकर उल्टा लगा हुआ है। ऐसे में रात में गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर ही केमरों की स्थिति सही है। इसके अलावा तीन अन्य गेटों की सुरक्षा के लिए न तो समय पर गार्ड रहते हैं और न ही कैमरे लगे हुए हैं। राजापार्क की तरफ से लगे गेट तो बंद हैं, लेकिन आवाजाही के लिए दीवार तोड़ दी है। राजा पार्क के गेट पर गार्ड भी नहीं बैठते हैं। पीछे वाले गेट से घुसने वाले असामाजिक तत्वों से सुरक्षा भगवान भरोसे है।

दो दर्जन से अधिक मामलों में खाली हाथ लौटी पुलिस

यूनिवर्सिटी में चोरी और हंगामें के दो दर्जन से अधिक मामलों में पुलिस ने कैमरे की वीडियोग्राफी देखनी चाही, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। कई मामलों में खाली हाथ लौटने के बाद न तो पुलिस ने कोई कार्यवाही की और न ही जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान दिया। यूनिवर्सिटी प्रशासन के जिम्मेदार तो टेक्निकल समस्या कहकर अपना पल्ला झाड़ देते हैं।

रात के समय भी घूमती हैं गाड़ियां

यूनिवर्सिटी में रात्रि के 10 बजे बाद सभी गेट बंद हो जाते हैं। केवल मुख्य द्वार पर से ही प्रवेश मिलता है, फिर भी कई गाड़िया केम्पस में घूमती रहती हैं। गर्ल्स होस्टल के साथ बॉयज हॉस्टल भी सुरक्षित नहीं है। बॉयज हॉस्टल , छात्रसंघ कार्यालय पर कई बार हमले हो चुके हैं। यूनिवर्सिटी के पिछले गेट, विवेकानंद हॉस्टल की ओर के गेट पर सुरक्षा का उचित इंतजाम नहीं है। पिछले गेट पर कोई कैमरा नहीं लगा हुआ है।

लाखों खर्च लेकिन परिणाम शून्य

राजस्थान यूनिवर्सिटी में 96 कैमरे लगाने में लाखों रुपए खर्च हुए हैं, लेकिन सही मेंटेनेंस नहीं होने से काम नहीं आ रहे हैं। यूनिवर्सिटी में 20 हजार से एक लाख रुपए तक की कीमत के कैमरे लगे हुए हैं। हर वर्ष कैमरों के मेंटेनेंस में भी लाखों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर खाना पूर्ति हो रहीं है। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी अगर स्टुडेंट्स को इसका लाभ नहीं मिल रहा है तो जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी क्यों भूल रहे हैं।

> यूनिवर्सिटी में 96 कैमरे लगे हुए हैं। टेक्निकल काम है तो खराब होते रहते हैं। समय पर ठीक करवाने की कोशिश रहती है, फिर भी अगर कोई कैमरा खराब है तो उसको ठीक करवाया जाएगा। छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है।
>
> **एचएच पलसानिया,** चीफ प्रॉक्टर

> राजस्थान विश्वविद्यालय में सुरक्षा को लेकर बहुत सारी खामियां हैं। रात का समय होते ही राजस्थान विश्वविद्यालय में बिल्कुल अंधेरा नजर आता है, जिससे कि कई बार छात्र छात्राओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महिला छात्रावास में कैमरे ढंग से चालू नहीं होने की वजह से छात्राओं को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह उनकी सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े करता है।
>
> **अक्षय सिंह,** स्टुडेंट्स

सीएम को काले झंडे दिखाने का मामला

दो थानाधिकारियों को किया लाइन हाजिर

बेधड़क| जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने वाले 6 आरोपियों को जमानत मिल गई। विद्यार्थी परिषद के 6 कार्यकर्ताओं को अपर सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम ने मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया। गांधी नगर थाने ने गुलशन मीना, देव पलसानिया, महेश मीना, विष्णु कुमार मीना, प्रमोद मीना, पीयूष चौधरी पर धारा 147, 332, 353, 188 में मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, मामले पर एक्शन लेते हुए पुलिस कमिश्नर की ओर से दो थाना अधिकारियों को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी अब्दुल वहीद और महिला थाना जयपुर पूर्व एकता राज को शिकायतन लाइन हाजिर किया है। माना जा रहा है कि विश्वविद्यालय के बाहर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को काले झंडे दिखाने में लापरवाही बरतने को लेकर इन्हें रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है।

HB में मोटिवेट करेंगी शिवानी

बेधड़क| जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यस्थल संबंधी तनाव कम करने, वर्क लाइफ को संतुलित करने और उनमें टीम भावना की क्षमता विकसित करने के लिए शनिवार को जवाहर नगर में मोटिवेशन कार्यक्रम 'मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस' आयोजित किया जाएगा।

इसमें बीके (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी मुख्य वक्ता होंगी। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि कार्यस्थल पर होने वाले तनाव को दूर करने कार्यालय और घर के जीवन को संतुलित रखने और उनमें पूरी जोश और ऊर्जा के साथ टीम भावना बनाए रखने के लिए यह विशेष सेशन रखा गया है। उन्होंने बताया कि फिक्की फ्लो, जयपुर और मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम करवाया जा रहा है। गौरतलब है कि मंडल द्वारा पूर्व में भी मशहूर मोटिवेटर उज्जवल पाटनी को मुख्यालय बुलाकर कार्मिकों का उत्साहवर्धन करवाया था।

कालीचरण सराफ ने विधानसभा में उठाया था मामला

नाले के रखरखाव के लिए 10 करोड़ दिए

बेधड़क | जयपुर

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने विधानसभा में कहा कि जयपुर शहर में मालवीय नगर के सेक्टर 5,6,9,12 एवं 14 के मध्य से गुजरने वाले नाले के रखरखाव एवं सौन्दर्यीकरण के लिए राज्य बजट वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। धारीवाल शून्यकाल के दौरान विधायक कालीचरण सराफ के विधानसभा मालवीय नगर,

जयपुर से निकलने वाले खुले नाले में कचरा तथा अपशिष्ट आदि डाले जाने के कारण हो रही परेशानी के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि नाले की सफाई मानसून पूर्व करवाने तथा नाले में उगे पेड़-पौधे हटाने के संबंध में नगर निगम को आदेश दिए जा चुके हैं। नाले के किनारे दोनों तरफ बने हुए मकानों से अपशिष्ट नाले में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सरस डेयरी में दूध के परिशोधन से निकलने वाले अपशिष्ट के सम्बन्ध में सरस डेयरी का कहना है कि इसे ट्रीटमेंट के बाद ही नाले में छोड़ा जाता है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा इस नाले को 100 मीटर लम्बाई तक कवर कर कियोस्क व दुकानें बनाई जा चुकी हैं।

चौदह बीघा भूमि पर किया गया था अतिक्रमण

जेडीए ने तोड़ी पांच अवैध कॉलोनियां

बेधड़क | जयपुर

जेडीए ने शुक्रवार को जोन-14 में निजी खातेदारी की सात बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों एवं जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की सात बीघा कृषि भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जोन-13 में सायपुरा पुलिस चौकी के सामने मुख्य रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित

मांड्या की ढ़ाणी, ग्राम बास बीलवा में 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना भू रूपान्तरण हर्ष वाटिका नाम से रातों रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउन्ड्रीवाल, 05 निर्माणाधीन अवैध विलाज व अन्य अवैध निर्माण की सूचना पर जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

यहां हुई कार्रवाई

जेडीए द्वारा जोन-14 में बाजडोली रोड पर निजी खातेदारी कृषि भूमि की 5 बीघा एवं एक बीघा पर अलग- अलग जगह बिना स्वीकृति के बसाई जा रही अवैध कॉलोनीयों को ध्वस्त किया। जोन-10 के ग्राम रोपाड़ा में 4 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही कनक विहार कॉलोनी को ध्वस्त किया। वहीं 3 बीघा भूमि पर भी बसाई अवैध बालु विहार कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया।

विभाग अध्यक्ष को बिना पूर्व सूचना के बनाए परीक्षा सेंटर

आधा कोर्स भी नहीं हुआ और क्लासेज की कर दी ढाई महीने की 'छुट्टी'

- विधि महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने किया विरोध, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के विधि महाविद्यालय के एक आदेश पर स्टूडेंट्स ने हंगामा खड़ा कर दिया। दरअसल विधि महाविद्यालय के प्राचार्य ने आदेश जारी कर 31 मई तक यूजी की परीक्षाओं के कारण कक्षाओं के स्थगन के आदेश जारी कर दिया था।

स्टूडेंट्स ने शुक्रवार का कुलपति को ज्ञापन सौंपकर आदेश का विरोध किया है। स्टूडेंट्स का कहना है कि अभी

तक 50 प्रतिशत भी कोर्स पूरा नहीं हुआ और ढाई महीने की छुट्टी कर दी, ऐसे में कोर्स कैसे पूरा हो पाएगा। गौरतलब है कि विधि महाविद्यालय की परीक्षाएं भी जून महीने में आयोजित होनी प्रस्तावित हैं। ऐसे में विद्यार्थी 50 प्रतिशत सिलेबस पढ़कर परीक्षा कैसे दे पाएंगे? इसके अलावा कल्चरल प्रोग्राम में अभी कॉलेज स्तर पर एक मूट कोर्ट होना भी बाकी है।

सत्र में 180 कक्षाएं अनिवार्य

विधि कॉलेज के लिए एक सत्र में बीसीआई की गाइडलाइंस के अनुसार न्यूनतम 180 क्लासेज होना अनिवार्य है, जबकि विधि महाविद्यालय में अभी लगभग 90-100 कक्षाएं ही लगी है। पूर्ण कक्षाएं नहीं लगने से स्टूडेंट्स को काफी नुकसान झेलना पड़ेगा। इससे पहले भी सीए की परीक्षा का केंद्र विधि महाविद्यालय को बनाया गया था, तब भी महाविद्यालय में शिक्षण कार्य 6 दिसंबर से लेकर 16 दिसंबर तक बंद रखा था। ऐसे में महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है।

परीक्षा नियंत्रक की गलती, भुगतेंगे स्टूडेंट्स

विधि कॉलेज की प्रिंसिपल ने बताया कि सत्र पहले से ही लेट शुरू हुआ था। अक्टूबर से शुरू हुए सत्र में अभी तक 50 प्रतिशत से भी कम सिलेबस हो पाया है। पिछले 10 वर्षों में विधि कॉलेज में कभी मार्च महीने में आयोजित होने वाली परीक्षाओं का सेंटर नहीं बना है। 14 मार्च को अचानक से परीक्षा नियंत्रक ने पेपर पकड़ाते हुए सेंटर की सूचना दी। सेंटर की वजह से स्टूडेंट्स का अध्ययन कार्य बाधित हो रहा है। इसको लेकर कुलपति को पत्र लिख दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बिना जानकारी लिए ही सेंटर दे दिया, जिससे सारी समस्या खड़ी हुई है। प्रिंसिपल ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक विभाग पर दबाव बना रहे और परीक्षा के साथ ही कक्षा का आयोजन करवाने की कह रहे है। नियंत्रक ने बिना जानकारी लिए ही सेंटर थोप दिए। कुलपति ने वार्ता कर 25 मार्च के बाद सेंटर बदलने का आश्वासन दिया है।

फैसला छात्र विरोधी

> विधि महाविद्यालय में किसी दूसरे कॉलेज का सेंटर देकर महाविद्यालय की कक्षाएं स्थगित करने का फैसला छात्र विरोधी है। पूरे विश्वविद्यालय में विधि महाविद्यालय की कक्षाएं सबसे अंतिम में प्रारंभ हुई थी। अभी भी हमारा लगभग आधा सिलेबस ही हुआ है और जून के महीने में हमारी परीक्षाएं प्रस्तावित है। ऐसे में 50 प्रतिशत सिलेबस हम कहा से पढ़ेंगे। यदि जल्द ही हमारी कक्षाएं पुनः प्रारंभ नही की गई तो जल्द ही छात्र शक्ति द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।
>
> **विजयपाल कुड़ी,** छात्र नेता, विधि महाविद्यालय



जरूरी खबर

खाने में छिपकली निकलने पर छात्रों ने किया हंगामा

अजमेर। किशनगढ़ के जयपुर रोड हाइवे बांदरसिंदरी स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हंगामा हो गया। विश्वविद्यालय की मेस में खाने में मरी हुई छिपकली निकलने पर छात्र भड़क गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी यूनिवर्सिटी की मेस के खाने में कीड़े निकल चुके हैं। कुछ छात्र तो मेस के बाहर उल्टियां करते नजर आए। विद्यार्थियों ने इसके बाद खाने का बहिष्कार कर दिया।

डिग्गी में डूबने से दो मासूमों की गई जान

बाड़मेर। जिले के गुड़मालानी थाना इलाके में शुक्रवार को पानी की डिग्गी में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी पीने के दौरान बच्चे डिग्गी में गिर गए। जानकारी के अनुसार भीलों की ढाणी बारासण निवासी देवाराम (13 साल) पुत्र प्रतापाराम और लक्ष्मण (14 साल) पुत्र शंकराराम शुक्रवार सुबह घर से बकरियां चराने के लिए खेत गए थे। दोनों प्यास बुझाने के लिए पानी की डिग्गी पर गए। इस दौरान पैर फिसलने से दोनों डिग्गी के अंदर गिर गए। डिग्गी में पानी ज्यादा कीचड़ होने की वजह से बच्चे फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। जिससे दोनों की मौत हो गई। इधर बच्चों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिए।

तरबूजों की आड़ में गांजा तस्करी, पांच तस्कर गिरफ्तार

धौलपुर। जिले में अवैध गांजे की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 505 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी तरबूजों की आड़ में अवैध गांजा ले जा रहे थे। पुलिस ने पिकअप और तस्करों को एस्कार्ट कर रही एक कार को भी जब्त किया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रथम कैलाश के अनुसार करौली-धौलपुर हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान पिकअप की चैकिंग की गई, जिसमें 505 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस पकड़े गए पांचों आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

निगम प्रशासन ने दो हजार गायों की क्षमता वाली गोशाला में रखे 4200 गोवंश, रोज हो रही 20 गायों की मौत

बंदा धर्मपुरा गोशाला से गौवंश को शिफ्ट करने की तैयारी

बेधड़क | कोटा

कोटा नगर निगम की बंदा धर्मपुरा गोशाला गायों की कब्रगाह बनती जा रही है। यहां क्षमता से अधिक गोवंश होने के कारण रोज 20 से ज्यादा गायों की मौत हो रही है। यहां स्थिति यह है कि गोशाला में 2 हजार की क्षमता है, लेकिन 4 हजार से ज्यादा गोवंश को ठूंस-ठूंस कर रखा गया है। ऐसे में अब करीब 14 सौ गायों को जिले की निजी गोशालाओं में शिफ्ट किया जाएगा। हर गोशाला को 100-100 गाय देने का आदेश जारी हुआ है। कोटा जिले में वर्तमान में करीब 14 से 15 निजी गोशालाएं संचालित हैं। उन गोशालाओं में गायों को रखने व उनकी देखभाल करने के लिए संस्थाओं को अनुदान भी मिलता है। जिसके चलते प्रशासन ने अब निजी गोशालाओं में गायों को शिफ्ट करने कर फैसला किया है। बता दें कि बंधा धर्मपुरा गोशाला में करीब 42 सौ से अधिक गोवंश हैं। ऐसे में वहां उन्हें रखने की समस्या हो रही है। जगह की कमी के चलते शहर से आने वाली गायों को चारा खाने के बाद घूमने की पर्याप्त जगह तक नहीं मिल पाती है। जिससे गायों को रोजाना मौत हो रही है।

लावारिस गोवंश पहुंच रहे गोशाला में

शहर को कैटल फ्री बनाने के लिए नगर निगम व नगर विकास न्यास द्वारा शहर की सड़कों से लावारिस गोवंशों को पकड़ने का अभियान जारी है। दिन के समय न्यास और रात को निगम की टीमें इन्हें पकड़कर गोशाला में पहुंचा रही हैं, जिसके चलते यहां क्षमता से ज्यादा गोवंश हो गए हैं।

लंबे समय से जमीन की मांग

नगर निगम गोशाला समिति के चेयरमैन जितेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 6 महीने से लगातार गोशाला के विस्तार के लिए जमीन की मांग कर रहे हैं। कई बार अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अधिकारी काम करने को तैयार नहीं हैं। यूआईटी की तरफ से जमीन देने के लिए अधिकारी तैयार है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस संबंध में कोई चर्चा करने को ही तैयार नहीं हैं।

रसद विभाग की टीम पर हमला, डीएसओ घायल, 5 गिरफ्तार

हमलावर बोले- डीएसओ को छोड़ना नहीं है, फिर खूब पीटा

■ टीम ने मौके पर पेट्रोलियम पदार्थों का चल रहा अवैध व्यवसाय पकड़ा

बेधड़क | अजमेर

अजमेर के मांगलियावास थाना क्षेत्र के केसरपुरा स्थित जयपुर गोल्डन होटल पर चैकिंग के लिए पहुंचे डीएसओ विनय शर्मा व उनकी टीम पर हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

मांगलियावास थाने के उपनिरीक्षक सुनील ताडा ने बताया कि शुक्रवार सुबह डीएसओ विनय शर्मा और उनकी टीम पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध व्यवसाय की सूचना पर चैकिंग करने पहुंचे थे, जहां उन पर हमला कर दिया गया। हमले में डीएसओ शर्मा के गंभीर चोटें आईं हैं। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

प्रवर्तन निरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि डीएसओ शर्मा के नेतृत्व में ईआई खान मोहम्मद, योगेश कुमार, अंकुश अग्रवाल व वाहन चालक विरेन्द्र पुख्ता सूचना पर जांच करने केसरपुरा हाईवे स्थित जयपुर गोल्डन होटल पहुंचे। टीम ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की तो वहां मौजूद मग्गा राम नामक व्यक्ति ने वहां उपस्थित अन्य आरोपियों से कहा कि डीएसओ विनय शर्मा ने पहले भी कार्यवाही कर बहुत बड़ा नुकसान कर दिया था, इसलिए इनके हाथ पैर तोड़ो, विनय शर्मा को छोड़ना नहीं है। ऐसा कहकर आरोपियों ने डंडे और सरियो से डीएसओ पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया।

थानाधिकारी सुनील ताडा ने कहा कि योगेश कुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में अब तक एक नामजद आरोपी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बाड़मेर के गिडा निवासी मग्गाराम, केसरपुरा निवासी मुकेश रावत, कैलाश सिंह, पप्पू सिंह और युवराज सिंह है। सभी से पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

आरोपियों ने मारपीट कर मोबाइल छीने

प्रवर्तन निरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि टीम जब जयपुर गोल्डन होटल पहुंची तो वहां एक जयपुर नम्बर का टैंकर खड़ा था। जिसमें दो डिस्पेंसिंग यूनिट व नोजल फिटेड थी। वहीं एक पिकअप के पीछे दो टंकियां पड़ी थीं। वहीं अवैध व्यवसाय के लिए मापक, मोटर, पाइप सहित अन्य उपकरण भी वहां मिले। प्रारम्भिक जांच में ही अवैध व्यवसाय होने की पुष्टि हो गई। टीम ने वीडियोग्राफी और कार्रवाई शुरू करना चाहा तो 8 से 10 व्यक्तियों ने जांच दल पर पत्थरों, लकड़ी और सरियों से प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने डीएसओ विनय शर्मा को टारगेट कर बुरी तरह से मारपीट की। जांच दल के अन्य सभी सदस्यों को भी पीटा गया। आरोपियों ने डीएसओ शर्मा व योगेश कुमार का मोबाइल भी छीन लिया।

कार और मोटरसाइकिल में भिड़ंत

सड़क हादसे में मामा भांजी की मौत, एक की हालत गंभीर

बेधड़क | नागौर

नागौर शहर के कोतवाली थाना इलाके के अठियासन के पास दोपहर एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक और एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। वहीं, दूसरी नाबालिग लड़की को प्राथमिक उपचार के बाद नागौर से जोधपुर रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने घटना को लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार को जब्त कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, मोटरसाइकिल सवार ईनाणा निवासी प्रकाश (30) मोटरसाइकिल से अपनी दो भांजियों को उनके गांव इंदास छोड़ने जा रहे थे। दोपहर दो बजे जब वह नागौर शहर के अठियासन के पास पहुंचे तो अमरपुरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नागौर के जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इनाणा निवासी प्रकाश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, इंदास निवासी नाबालिग सनम (16) की मौत हो गई। वहीं, दूसरी नाबालिग लक्ष्मी (14) को गंभीर हालत में नागौर के जेएलएन अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया।

इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी। मृतकों के परिजनों ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार को जब्त कर लिया। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

जीटो के पदाधिकारियों ने किया पोस्टर विमोचन

अंहिसा के संदेश के साथ 23 देशों में होगी मैराथन दौड़

बेधड़क | कोटा

'अहिंसा परमो धर्म' अर्थात अहिंसा पालन करना मनुष्य के लिए उसका सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य-कर्म है। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन, जीटो की ओर से 2 अप्रैल को अंहिसा दौड़ का आयोजन सुबह 5.30 बजे से किया जा रहा है। शुक्रवार को पदाधिकारियों की ओर से पोस्टर का विमोचन किया। जीटो लेडीज विंग की अध्यक्ष अनीता जैन ने बताया कोटा में दौड़ के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उम्मेद क्लब से दौड़ की शरुआत की जाएगा। इस दौड़ को 10 किमी., 5 किमी. व 3 किमी. की तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और वर्ल्ड बुक ऑफ लंदन में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन भी किया जा रहा है। रन कन्वीनर राहुल जैन ने बताया कि लंदन, आस्ट्रेलिया, यूएस, कीनिया व दुबई सहित 23 देशों में एक साथ दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत के 65 शहर शामिल हैं।

कटर से काटकर 70 हजार से भरा कैश बॉक्स ले गए थे बदमाश

मेवात के दो बदमाशों ने लूटा था एटीम

बेधड़क | बांदीकुई

दौसा जिले के बांदीकुई में बुधवार रात प्राइवेट कंपनी के एटीएम लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल दो बदमाशों को हरियाणा के मेवात क्षेत्र से दबोचा है। पुलिस ने वारदात में प्रयोग ली गई ईको कार भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि बांदीकुई बड़ियाल कलां में बुधवार रात कार में सवार होकर आए पांच बदमाशों बस स्टैंड पर लगे एक प्राइवेट कंपनी हिताची के एटीएम को निशाना बनाया। बदमाशों ने एटीम को गैस कटर से काटकर कैश बॉक्स में रखे करीब 70 हजार रुपए लूट लिए। दौसा एसपी संजीव नैन के निर्देशन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की गाड़ी को ट्रेस किया और हरियाणा के नूंह के चौखा गांव में दबिश दी। इस दौरान पुलिस को बदमाशों की ईको वैन चौखा गांव पहाड़ी के नीचे सड़क से तेज गति से गुजरती नजर आई। पुलिस ने पीछा कर गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया। लेकिन, कार में मौजूद लोग वाहन को तेज गति से भगाकर ले गए। पुलिस आती देख बदमाश गाड़ी छोड़कर पहाड़ी पर भागने लगे। इस बीच पुलिस ने तोसिफ मेव (22) और फज्जर मेव (23) निवासी राहडी नूंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तीन अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

सूने मकान से 25 लाख के जेवर किए थे चोरी

बावरिया गैंग की सरगना से 42 तोला सोना बरामद

बेधड़क | जैसलमेर

जैसलमेर की पोकरण पुलिस ने 13 दिन पहले हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए बावरिया गैंग की मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार महिला लक्ष्मादेवी से 42 तोला सोने के आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस ने वारदात में उपयोग में ली एक ब्रेजा कार को जब्त किया है। जैसलमेर एसपी भंवरसिंह नाथावत ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि बावरिया गैंग की मुख्य सरगना लक्ष्मादेवी को गिरफ्तार किया है। पोकरण थाना पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से चोरी में प्रयुक्त कार की पहचान की गई। गाड़ी के आधार पर पुलिस आरोपी महिला तक पहुंचने में कामयाब रही। इस दौरान आरोपी पुलिस को देखते ही अपनी कार में भाग निकली। पुलिस ने करीब 50 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी लक्ष्मा देवी पत्नी दानाराम उर्फ धारासिंह बावरिया निवासी फुलेरा को पकड़ लिया। आरोपी से गुलेल और ताला तोड़ने में प्रयुक्त होने वाला प्लास बरामद किया गया है। महिला के खिलाफ एक दर्जन से अधिक अपराध के मामले दर्ज हैं।

शादी में गया था परिवार, पीछे से तोड़े ताले

बता दें कि 3 मार्च को चैन विहार कॉलोनी निवासी आरब खां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ चैन विहार कॉलोनी पोकरण में रहता है। 2 मार्च की सुबह उसका पूरा परिवार शादी में शामिल होने के लिए सनावड़ा गया था। शाम करीब 7 बजे वापस आने पर घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर घर को देखा तो अलमारी से 21 तोला सोने की आड़, साढ़े तीन तोला और दो तोला का डोरा, डेढ़ तोला की अंगूठी, डेढ़ तोले की दो जोड़ी झुमका, आठ तोला बाजूबंद, 2 तोला फिनची, आधा तोला हारिया, ढाई तोला पत्ता जोड़ी सहित कुल 42 तोला सोने के आभूषण चुराकर चोर फरार हो गए थे। जिसकी बाजार किमत 25 लाख से अधिक है। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसमें 1 महिला व 1 पुरूष चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे, वहीं 1 चोर बाहर निगरानी रख रहा था।

कोटा प्रवास पर रहेंगे बिरला

फसल नुकसान पर लोक सभा अध्यक्ष ने जताई चिंता

बेधड़क | कोटा

कोटा-बूंदी सहित सम्पूर्ण हाड़ौती में अचानक बदले मौसम, बरसात व ओला वृष्टि के चलते फसलों को हुए नुकसान पर स्पीकर ओम बिरला ने चिंता व्यक्त की है। बिरला ने कहा कि इस समय फसल कटाई के लिए तैयार थी तथा कुछ स्थानों पर कटी हुई फसल खेतो में पड़ी हुई हे, तब अचानक मौसम में आए बदलाव से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। इस नाजुक समय में हमें किसानों के साथ खड़ा होना होगा। इस बारे में जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग के अधिकारियों से बात कर नुकसान की जानकारी ली है। साथ ही अधिकारियों से कहा है कि वे खेतों में उतर कर फसलों को हुए नुकसान का जल्द से जल्द सर्वे करवाएं। गिरदावरी करवाकर किसानों को जल्द उचित मुआवजा दिलाया जाए। वहीं लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर कोटा आएंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

डिस्कशन: विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'सफलता के मंत्र' विषय पर परिचर्चा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने की शिरकत

एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को सुझाए सक्सेस के टिप्स

बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को 'सफलता के मंत्र' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले विशेषज्ञ शामिल थे। विद्यार्थियों के साथ ऐसे व्यक्तित्व को परिचर्चा में शामिल किया गया, जो समाज की धरोहर के रूप में विराजमान है। ऐसे सफल व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उपलब्धि हासिल करने वाले पैदाइशी प्रतिभावान नहीं होते, लेकिन उनमें 'मैं यह कर सकता हूं' सोचने और उसे क्रियान्वित करने की क्षमता होनी चाहिए। मनुष्य का मन जो एक बार सोच ले, वो उसे हर हाल में प्राप्त कर लेता है। लेकिन उसके लिए हमें कड़ी मेहनत और ईमानदारी की जरूरत होती है। जीवन में सफलता दिन-ब-दिन दोहराए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों का कुल योग है। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. भरत सहारन ने कहा कि आज हम अपने जीवन के लक्ष्यों और उपलब्धियों के बारे में जो चर्चा कर रहे हैं, उसके लिए वीजीयू, जयपुर को बहुत-बहुत आभार जो इस प्रकार के आयोजन में हमें शामिल किया।

वीजीयू में पैनल चर्चा के लिए कई अतिथि पैनलिस्टों को आमंत्रित किया गया था। इनमें डॉ. भरत सहारन, जस्साराम, डॉ. वीरेंद्र सिंह, मदनलाल, बदन सिंह शामिल थे। अचीवर्स पैनल डिस्कशन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं विशिष्ट अतिथि विजय पूनिया थे।

अतिथि पैनलिस्ट में विभिन्न क्षेत्रों से शामिल विशेषज्ञ, जो चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा, व्यवसाय और उद्यमिता आदि से थे। सभी ने छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपनी सफलता की कहानियों और अपनी यात्रा को साझा किया। साथ ही उन्हें अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हुए एक रोड मैप तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

डॉ. सहारन पैनल चर्चा के मॉडरेटर थे और उन्होंने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के महत्व के बारे में अपनी राय और विचार साझा किए। अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य अतिथियों ने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वीजीयू परिवार के गणमान्य लोगों ने अतिथि पैनलिस्टों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गरिमा बागरिया ने श्रोताओं के समक्ष मंच पर उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया और समाज में उनके योगदान का एक संक्षिप्त विवरण दिया। इसके बाद अनिल बगरिया ने श्रोताओं को संबोधित किया और उन्होंने मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल की प्रमुख उपलब्धियों को बताते हुए विद्यार्थियों के समक्ष उनका परिचय करवाया।

वीजीयू की उपलब्धियों के बारे में बताया

कार्यक्रम के अंत में वीजीयू के अध्यक्ष प्रो. विजयवीर सिंह ने मंच पर उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वीजीयू की उपलब्धियों के बारे में बताया कि हिंदुस्तान का यह पहला प्राइवेट विश्वविद्यालय है, जिसने इतने कम समय में नेक ए प्लस ग्रेड प्राप्त की है। साथ ही कहा कि आने वाले समय में इस विश्वविद्यालय में देश व विदेश के लगभग 10000 से ज्यादा विद्यार्थी होंगे। इस दौरान विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पानाश का आयोजन किया गया, जिसमें पहला दिन एथनिक दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों के परिधान और संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। वहीं एरीना स्टेज सिंगिंग कॉम्पिटिशन, वॉर ऑफ डीजे, घुमाटा रंग जैसे कई कार्यक्रम हुए।

Yuva स्टोरीज

एग्जिबिशन में शामिल हुए 25 स्टार्टअप | अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में स्टार्टअप एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा, जीवन शैली और सामाजिक कारणों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के 25 स्टार्टअप प्रोजेक्ट शोकेस किए गए। कॉर्पोवा बिजनेस एंड फाइनेंस क्लब के सहयोग से आयोजित इस वर्कशॉप में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। वहीं स्टार्टअप की क्रिएटिविटी को विजिटर्स को समझाया। इस दौरान पेरेंट्स, आंत्रप्रेन्योर्स समेत विभिन्न तबकों से जुड़े लोगों ने प्रदर्शनी विजिट की एवं स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी की तारीफ की। स्टूडेंट्स ने अपने प्रोग्रामिंग भी अतिथियों के सामने शोकेस किए। जेकेएलयू के स्टूडेंट्स अफेयर्स हैड दीपक सोगानी ने बताया कि यूनिवर्सिटी में इस तरह के क्रिएटिव वर्क नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, जिससे स्टूडेंट्स को सर्वांगीण एक्सपोजर मिल सके।

बीके शिवानी दीदी कल होंगी शहरवासियों से रूबरू | एपेक्स हॉस्पिटल की स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने एवं सरला झंवर मेमोरी के अंतर्गत सिस्टर बीके शिवानी का मोटिवेशनल सत्र रविवार को मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में सिस्टर शिवानी हेल्थ, हैप्पीनेस और हारमनी पर श्रोताओं को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही संस्था के लिए 20 साल से अधिक समय से कार्य करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विपुल खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में निशुल्क पास के द्वारा एंट्री समाप्त हो चुकी है। श्रोता इस कार्यक्रम को एपेक्स हॉस्पिटल के फेसबुक पेज पर भी लाइव देख सकेंगे।

राजस्थान विश्वविद्यालय को मिला रजत पदक | राजस्थान विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रजत पदक जीता है। विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के सचिव डॉ. प्रमोद सिंह ने बताया कि मोहाली में आयोजित हो रहीं अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय भारोत्तोलन (पुरुष) प्रतियोगिता में छात्र नैतिक जांगिड ने रजत पदक प्राप्त किया। नैतिक जांगिड़ के रजत पदक प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड ने खुशी व्यक्त की। कुलपति प्रो. राजीव जैन और डॉ. प्रमोद सिंह ने छात्र को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

राजस्थान विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय योग महोत्सव

ध्यान व प्राणायाम के प्रति दिखा जुनून, उमड़ा हुजूम

बेधड़क | जयपुर

श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से योग एवं ध्यान कार्यक्रमों की शृंखला 'हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउण्ड में आरम्भ हुई। योग महोत्सव में हजारों लोगों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हो रहे तीन दिवसीय इस योग महोत्सव का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय के सहयोग एवं एयू स्मॉल फायनेंस बैंक के सौजन्य से हो रहा है। प्रथम दिवस राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चैयरमेन राजीव अरोड़ा, आरयू कुलपति प्रो. राजीव जैन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश मलिक ने भी शिरकत की। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्थान के राज्य समन्वयक विकास मोघे, क्षेत्रीय समन्वयक तरुण तोषनीवाल, केंद्र समन्वयक सुनील अग्रवाल, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अमित खंडेलवाल, जयपुर मीडिया समन्वयक अंकुर शाह, जयपुर कार्यक्रम समन्वयक राकेश भारद्वाज, ब्राइटर माइंड समन्वयक शिमला भारद्वाज और एयू स्मॉल फायनेंस बैंक के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

योग महोत्सव में ध्यान करने और हाइपरटेंशन को दूर करने, परीक्षा भय, चिंता, फोकस, स्मरण शक्ति से संबंधित हार्टफुलनेस मेडिटेशन, ब्राइटर माइंड मॉर्डन टेक्नोलॉजी, विजडम ब्रिज और योग, आसन, प्राणायाम एवं अन्य योग मुद्राएं करवाई गई। आसन के तहत सुखासन, वीरभद्रासन और त्रिभुज आसन करवाए गए। प्राणायाम में यौगिक श्वांस एवं भस्त्रिका और मुद्राओं में ज्ञान मुद्रा एवं प्राण मुद्रा का अभ्यास करवाने के साथ योग महोत्सव के प्रथम दिन का समापन हुआ। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने मंच पर बंद आंखों से पुस्तक पढ़ कर और रंगों की पहचान कर ब्राइटर माइंड एक्टिविटी का प्रदर्शन किया।

उच्च रक्तचाप और वजन नियंत्रण के लिए योग आज

उल्लेखनीय है कि योग महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को उच्च रक्तचाप और वजन नियंत्रण से संबंधित आसन, प्राणायाम एवं मुद्राएं करवाई जाएंगी। उच्च रक्तचाप नियंत्रण के लिए ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन एवं कटिचक्रासन आसन जबकि प्राणायाम के तहत नाड़ी शोधन, शीतली करवाई जाएगी। इसी प्रकार वजन नियंत्रण से संबंधित आसन के तहत उत्कटासन एवं सूर्य नमस्कार जबकि प्राणायाम के तहत कपालभाति एवं भ्रामरी तथा सूर्य मुद्रा एवं हृदय मुद्रा करवाई जाएंगी।

कबड्डी और खो-खो के फाइनल मैचों में भिड़ेंगी जयपुर व जोधपुर की टीमें

बेधड़क | जयपुर

राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शुक्रवार कई मैच हुए। कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने शिरकत की। कबड्डी में खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज, जयपुर ने झुंझुनूं को हराया। जोधपुर टाई ब्रेकर से मंडोर से विजयी हुआ। वॉलीबॉल में पॉलिटेक्निक कॉलेज जोधपुर ने झुंझुनूं को हराया। पॉलिटेक्निक कॉलेज चित्तौड़गढ़ ने कोटा को हराया। खो-खो (पुरुष) में खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज ने दौसा को हराया। जोधपुर ने नीमराणा को शिकस्त दी। खो-खो (महिला) में महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सांगानेर ने गांधीनगर जयपुर को हराया। टेबल टेनिस में पॉलिटेक्निक कॉलेज सीकर के पवन कुमार बाकोलिया और नताली बुनकर गांधीनगर जयपुर से विजयी रहे। शतरंज में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर ने जयपुर को हराया। कैरम में खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज ने बारां को हराया। खेलकूद अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि शनिवार को कबड्डी और खो-खो का फाइनल मुकाबला जोधपुर व जयपुर के बीच खेला जाएगा।

आरयू | **दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

नगरीय क्रियाकलापों से खतरे में है मानव: प्रो. शर्मा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में रूसा 2.0 प्रोजेक्ट और यूजीसी सेप डीआरएस के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में शहरी विकास, स्वास्थ्य और समाज के विभिन्न कमजोर वर्ग पर चर्चा हुई। संगोष्ठी आयोजन समिति अध्यक्ष एवं प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, रूसा प्रोजेक्ट 14 प्रो. रश्मि जैन ने संगोष्ठी के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डालते हुए रूसा प्रोजेक्ट 14 के बारे में बताया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता समाज वैज्ञानिक प्रो. एस. एल. शर्मा, चंडीगढ़ रहे। शर्मा ने बताया कि मानवता की दृष्टि से शहरीकरण ने विशेष रूप से मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा किया है। हमें शहरीकरण विकास के मॉडल पर पुनः चिन्तन की आवश्यकता है। शहरी मॉडल समस्याग्रस्त क्यों है? इस विषय पर चिंतन आवश्यक है। यह मॉडल समानता के मूल्यों के प्रति संवेदनशील नहीं है। आज सरकार गरीबों के हितार्थ अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से समाज में काम कर रही है। गरीबों के हित के लिए योजना चलाना व काम करना एक बात है, लेकिन समाज में समानता लाना दूसरी बात है। जब तक शहरीकरण के मॉडल में समानता का मूल्य नहीं होगा, तब तक शहरीकरण असमानता पैदा करता रहेगा। आज कुछ ऐसा हो रहा है कि "हम है कि मिट रहे हैं खुद के बचाव में।

कुलपति जैन ने भी किया संबोधित

कुलपति राजीव जैन ने कहा कि शहरीकरण के दौर में दुष्प्रभावों से बच कर ही विकास की यात्रा को सही साबित कर पाएंगे। संगोष्ठी में प्रो. पियूषा मजूमदार, प्रो. राजीव गुप्ता, डॉ. विक्रमादित्य चौधरी, डॉ के.एम. जियाउदीन सहित कई विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे।

शोध रिपोर्ट: तेजी से बढ़ते समुद्री तापमान से बन सकती है भयावह स्थिति

अल-नीनो की वापसी खतरनाक

ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

तापमान में दिनोंदिन हो रही बढ़ोतरी बेहद चिंता का विषय है। यह खतरनाक संकेत है। खतरनाक इसलिए भी कि इससे देश के कुछ हिस्सों में हीट वेव जैसे हालात बन रहे हैं, वहीं भारतीय समुद्र पहले के मुकाबले ज्यादा गर्म हो रहा है। इसका परिणाम हमारे सामने मानसून के पहले और मानसून के दौरान और बाद में भीषण प्रलयकारी बारिश की घटनाओं में बढ़ोतरी के रूप में आया है। दरअसल समुद्र में उठने वाली तेज लू की भयंकर लहरें भविष्य में इस समस्या को और विकराल व भयावह बना देंगीं।

शोध इसके जीते-जागते सबूत हैं। यदि बीते दिनों नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट की मानें तो अब यह तथ्य प्रमाणित हो चुका है कि 1870 से लेकर आज तक भारतीय समुद्र के औसत तापमान में 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी हो चुकी है जो दूसरे समुद्र के मुकाबले सबसे ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। असलियत में समुद्र के तापमान में हो रही बढ़ोतरी के चलते वहां पैदा होने वाली समुद्री हीट बेव कहें या मरीन हीट बेव, जिसे दूसरे शब्दों में समुद्री लू भी कहते हैं, उसमें भी पहले के मुकाबले काफी तेजी आ रही है। हालात इस बात के गवाह हैं कि देश में समुद्र का तेजी से बढ़ता तापमान और लम्बे समय तक चलने वाली मरीन हीट बेव या समुद्री लू की घटनाओं की वजह से देश के समुद्र तटीय राज्यों में मानसून के पहले, मानसून के दौरान और उसके बाद में होने वाली बारिश की घटनाओं में दिन-ब-दिन तेजी आ रही है। असलियत में यह बारिश की तेजी से बढ़ती घटनाएं गंभीर होती जा रही हैं जिनका सामना मुश्किल होता जा रहा है। पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों और मौसम विज्ञानियों की चिंता की असली वजह यही है। यदि इससे प्रभावित राज्यों और जिलों की बात करें तो इसका सामना देश के 27 राज्य और 75 फीसदी जिले करने को विवश हैं। गौरतलब यह है कि यह सभी जिले हॉटस्पाट बन चुके हैं।

यही नहीं उनकी तकरीबन 63.8 करोड़ आबादी इसकी चपेट में है जो इस जोखिम का सामना कर रही है। सच्चाई यह है कि इन राज्यों के 10 में से 8 भारतीय इस जोखिम का सामना करने को अभिशप्त हैं। गौरतलब है कि इस शोध- अध्ययन के दौरान तकरीबन 30 हजार हीट बेव रिकार्ड की गयीं। रिपोर्ट की मानें तो साल 2000 से पहले कोई भी हीटबेव अमूमन 50 दिनों के भीतर ही समाप्त हो जाती थी लेकिन 2000 के बाद इसमें काफी बदलाव आया और अब इसका समय बढ़कर 50 के बजाय 250 दिन के करीब हो चुका है जो मानसून पर असर डाल रही है। इससे मौसमी चक्र प्रभावित हुआ है। फिर सबसे बड़ी बात यह कि बीते साल कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में दुनिया ने रिकॉर्ड बनाया है। इसकी पुष्टि तो अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी भी कर चुकी है। इसके परिणाम भयावह होंगे।

अब सवाल यह उठता है कि हीट बेव की स्थिति कब आती है। जहां तक मैदानी क्षेत्रों का सवाल है, वहां पर जब तापमान 40 डिग्री को पार कर जाता है और पर्वतीय इलाकों में जब तापमान 30 डिग्री हो जाता है, रात का तापमान वहां 40 से अधिक हो और तटीय इलाकों में 37 डिग्री से अधिक होता है ,तब हीट बेव की स्थिति होती है। वर्तमान में उतर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। कमोबेश यह तापमान की स्थिति बरकरार है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन पाण्डेय के अनुसार यह खतरनाक स्थिति है। उनके अनुसार यह एक डोम के रूप में मौजूद है। मार्च में भी यही स्थिति है जो खतरनाक संकेत है। पहाड़ी राज्यों के निचले इलाकों में अधिकतम तापमान वृद्धि की दर 10 से 11 डिग्री दर्ज की गई है। असलियत यह है कि देश के बहुतेरे हिस्से 100 फीसदी तक बारिश के अभाव में सूखे ही रह गए। यही नहीं देश के तकरीबन 8 राज्य यथा दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी का सामना करेंगे।

असलियत में तापमान में यह बढ़ोतरी अल-नीनो की वापसी का नतीजा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान में वृद्धि अल-नीनो की वापसी की संभावना को बल प्रदान करती है। डब्लयू एम ओ की मानें तो ला-नीना के तीन सालों तक लगातार सक्रिय रहने के कारण दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तापमान बढ़ोतरी और बारिश के चक्र की पद्धति में असाधारण रूप से काफी बदलाव आया है। दरअसल ला नीना भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर की सतह में निम्न हवा के दबाव बनने की स्थिति में बनता है। सच्चाई यह है की यह एक प्रतिसागरीय धारा होती है जो पश्चिमी प्रशांत महासागर में तब पैदा होती है जबकि पूर्वी प्रशांत महासागर में अल-नीनो का असर खत्म हो जाता है। ऐसी स्थिति में समुद्र की सतह का तापमान कम हो जाता है। तात्पर्य यह कि ला नीना के दौरान उष्णकटिबंधीय प्रशांत द्वारा गर्मी को एक सोख्ता की तरह सोख लिया जाता है। इससे पानी का तापमान बढ़ता है। यही गर्म पानी अल नीनो प्रभाव के दौरान पश्चिमी प्रशांत से पूर्वी प्रशांत तक बहता है। ला नीना के लगातार तीन बार या यों कहें कि तीन दौर गुजरने का सीधा मतलब यह है कि गर्म पानी की मात्रा चरम पर है। जहां तक अल-नीनो का सवाल है, यह उष्णकटिबंधीय प्रशांत के भूमध्यीय क्षेत्र के समुद्र के तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में होने वाले बदलाव के लिए जिम्मेदार समुद्री घटना है। इसी बदलाव के चलते समुद्री सतह का तापमान बढ़ जाता है। इसकी मार्च से मई महीने के बीच दक्षिणी दोलन यानी ई एन एस ओ में तटस्थ स्थिति में 90 फीसदी आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसका अहम कारण प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारतीय मानसून की दृष्टि से उपयुक्त माने जाने वाले ला नीना का प्रभाव का खत्म होना है। नेशनल ओसियन एण्ड एटमास्फेयरिक ऐडमिनिस्ट्रेशन यानी नोवा के अनुसार ला नीना का अल नीनो में रूपांतरण अप्रैल तक चलेगा जो 21वीं सदी में हुयी पहली पुनरावृत्ति है। असलियत में यह अबतक का चलने वाला सबसे लम्बा दौर भी है जो लगातार तीसरी बार पड़ना एक दुर्लभ और विलक्षण घटना है। इसको "ट्रिपिल डिप" ला नीना के नाम से भी जानते हैं। इसका असर 1950 से अभी तक केवल दो ही बार 1973 से 1976 और 1998 से 2001 के बीच ही पड़ा है। इस बार इसका असर अप्रैल तक होगा जो 80 फीसदी तक असर डालेगी। नोवा के मुताबिक मई से जुलाई तक इसमें बढ़ोतरी होगी। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान 60 फीसदी देश में सूखा पड़ने की संभावना रहती है।

गौरतलब है कि तापमान में बढ़ोतरी और बारिश के चक्र में आये बदलाव के कारण न केवल समुद्र में हलचल बढ़ रही है, सूखे की संभावना बलवती हो रही है, वहीं इंसान और जानवरों के बीच तकरीबन 80 फीसदी बढ़ रहे संघर्ष का कारण भी बना है। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन का शोध-अध्ययन इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि जंगल से लेकर समुद्र तक इंसान और जानवरों के बीच संघर्ष जारी है। कारण जलवायु परिवर्तन से हर जीव-जंतु का जीवन प्रभावित हो रहा है। खाने और पानी का संकट भी भयावह रूप लेता जा रहा है। वन क्षेत्र में बढ़ते इंसानी दखल ने वन्य जीव-मानव संघर्ष बढ़ाने में भी अहम भूमिका निबाही है। समुद्री जीव भी इससे प्रभावित हुए नहीं रहे हैं। उनकी प्रवृत्ति में भी काफी बदलाव आ रहा है। समुद्र में जहाजों की संख्या बढ़ने से व्हेल मछली बड़े-बड़े जहाजों को टक्कर मार रही हैं जिससे दोनों को नुकसान हो रहा है। तंजानिया में पड़ने वाले सूखे से पानी का संकट पैदा हो गया है। वहां खाने की तलाश में हाथी उग्र हो रहे हैं। वहां हाथी और दूसरे जानवर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इसकी अहम वजह यह है कि जीव-जंतु मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव को स्वीकारने को कतई राजी नहीं हैं। तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी और बारिश में बढ़ता असंतुलन खतरनाक संकेत है और चुनौतीपूर्ण भी जिनका समाधान बेहद जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



जलवायु परिवर्तन से हर जीव-जंतु का जीवन प्रभावित हो रहा है। खाने और पानी का संकट भी भयावह रूप लेता जा रहा है। वन क्षेत्र में बढ़ते इंसानी दखल ने वन्य जीव-मानव संघर्ष बढ़ाने में भी अहम भूमिका निबाही है। समुद्री जीव भी इससे प्रभावित हुए नहीं रहे हैं। उनकी प्रवृत्ति में भी काफी बदलाव आ रहा है। समुद्र में जहाजों की संख्या बढ़ने से व्हेल मछली बड़े-बड़े जहाजों को टक्कर मार रही हैं जिससे दोनों को नुकसान हो रहा है।

अब सवाल यह उठता है कि हीट बेव की स्थिति कब आती है। जहां तक मैदानी क्षेत्रों का सवाल है, वहां पर जब तापमान 40 डिग्री को पार कर जाता है और पर्वतीय इलाकों में जब तापमान 30 डिग्री हो जाता है, रात का तापमान वहां 40 से अधिक हो और तटीय इलाकों में 37 डिग्री से अधिक होता है ,तब हीट बेव की स्थिति होती है। वर्तमान में उतर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। कमोबेश यह तापमान की स्थिति बरकरार है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन पाण्डेय के अनुसार यह खतरनाक स्थिति है। उनके अनुसार यह एक डोम के रूप में मौजूद है। मार्च में भी यही स्थिति है जो खतरनाक संकेत है। पहाड़ी राज्यों के निचले इलाकों में अधिकतम तापमान वृद्धि की दर 10 से 11 डिग्री दर्ज की गई है।

व्यंग्य

एक गधे का फेसबुक अकाउंट

राकेश सोहम
व्यंग्यकार

वह मुझे दुलत्ती मारने पर आमादा था। बड़ी-बड़ी खींसें निपोरते हुए धमका रहा था कि मैंने उसके फेसबुक अकाउंट की हैकिंग कर ली है! उसकी फेसबुक-वॉल पर इंसानों की तस्वीर चस्पा कर दी हैं। दुलत्ती के प्रहार से दुखते पिछवाड़े को सहलाते हुए मैंने कहा, 'आपकी फेसबुक की हैकिंग मैंने नहीं की है। आपकी फेसबुक रिक्वेस्ट स्वीकार करते हुए अपनी कुछ फोटो चस्पा कर दी थी, भले आदमी।' वह भले आदमी के संबोधन से प्रसन्न हो गया। उसकी प्रसन्नता से मैं भी प्रसन्न हो गया। मुसीबत में गधे को बाप मान लेने में ही भलाई है। उसकी प्रसन्नता का राज जानने की लिए उसका इतिहास जान लेने की जरूरत होगी।

एक समय की बात है। एक नगर में एक गधा रहता था। उसके माता-पिता ने बकायदा उसका नाम रखा था। वही नाम पाठशाला की पुस्तक में भी दर्ज था लेकिन, कक्षा शिक्षक ने शायद ही कभी उसके नाम से पुकारा हो। वह उसे देख लेते और कहते, 'शाबाश! आज गधेराम भी उपस्थित हैं।' गधे को पढ़ाई-लिखाई में कोई रूचि नहीं थी। पाठशाला में बदनाम था। वह स्वाभाव से जंगली, आचरण से जानवर और व्यवहार से रेंकने वाला प्राणी था। इसलिए उसकी शिक्षा भी अधूरी रह गई थी।

वह समय से पूर्व हट्टा-कट्टा जवान दिखने लगा था। उसे लगने लगा कि वह गधा नहीं, आदमी है। इस उम्र में आदमी, जवां मर्द होता है। वह भी अपने आप को जवां मर्द ही मानता था। घंटों आईने के सामने खड़े होकर जुल्फें संवारते हुए सोचता रहता कि वह गधा तो किसी एंगल से नहीं लगता है! बावजूद इसके वह दुखी था। उसकी पहचान एक गधे से ऊपर नहीं उठ पा रही थी। पिताजी भी उसे बिलकुल गधा मानते थे। वह अपने भेजे के खाली कटोरे में बुद्धि की अल्प लुगदी पिलपिली करने पर भी नहीं समझ पाया कि वह आखिर गधा ही क्यों है? कुछ और क्यों नहीं। देश में न जाने कितने गधे राजनीति में दुलत्ती भांज रहे हैं। महकमे के उच्च पदों पर खींसे निपोरते हुए पदासीन हैं।

बहरहाल, एक दिन एक मोबाइल उसके हाथ लग गया। उसके पिता कतई नहीं चाहते थे कि उसे मोबाइल दिया जाए। हर बेटे की तरह वह भी अपनी मां का लाडला था, राजा बेटा था। मां ने उसे पैसे दिए। वह चाहती थीं कि इन पैसों से वह कोई काम धंधा शुरू करे लेकिन, बहुत दिन यूं ही निकल गए। एक दिन उसके पिता ने उसकी मां के सामने खुलासा किया, 'आपके लाडले गधे ने उन पैसों से महंगा मोबाइल खरीद लिया है।' एक मां का दिल भले की बार-बार टूटता रहे लेकिन मानता नहीं है। वह बेटे का पक्ष लेते हुए बोली, 'सुनो जी, उम्मीद से तो आसमान भी टंगा रहता है। वह जरूर कुछ करेगा।' उसके पिता उपहास उड़ाते हुए बोले, 'गजब! गधे को पहली बार उम्मीद से टंगे देख रहा हूं।'

इस जमाने में हर गधे की उम्मीद पूरी हो सकती है। उसकी मोबाइल पर सक्रियता की लत रंग लायी। वह फेसबुक की महिमा बखूबी समझ गया था। उसने अपना फेसबुक अकाउंट बना लिया। भले ही आमने-सामने रहने से उसका गधापन पहचान लिया जाता था लेकिन फेसबुक पर वह बाकायदा आदमी ही दिखता था। चुराई हुई कविताओं और इधर-उधर से उठाई प्रेरक बातें साझा करने लगा। पार्टियों के झंडे ऊंचे करने लगा और जल्द ही कइयों का चहेता बन गया। नेताओं का दायां हाथ और उनका सेलिब्रिटी बन गया।

उसकी पोस्ट पर लाइक्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। खूबसूरत बालाएं म्युचुअल फेसबुक फ्रेंड हैं। सुना तो यह भी है कि किसी आसामी बाला को भगाकर शादी भी करने जा रहा है। मैं उसके प्रहार से बहुत दुखी हूं। मोहल्ला परेशान है। भय है, वह शीघ्र ही राजनीति में भी सक्रिय हो जाएगा।

राहुल गांधी, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
प्रधानमंत्री अडानी के मुद्दे से डरे हुए हैं! वो नहीं चाहते मैं उनकी और उनके मित्र के रिश्ते की और पोल खोलूं। देखते हैं वो कल संसद में मुझे बोलने देंगे या नहीं।

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान
@ashokgehlot51
जनता द्वारा चुने गए सांसदों को संसद में बोलने का अवसर न देना एवं लोकसभा की कार्यवाही म्यूट करवाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। यह देशवासियों की आवाज शांत करने का प्रयास है। क्या इसे स्वस्थ लोकतंत्र कहा जा सकता है? इन्हीं मुद्दों को लेकर राहुल जी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी।

जगदीश वासुदेव, योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन का एक स्रोत है जो हमारे भीतर कार्य करता है। हम या तो इसकी पूजा कर सकते हैं या सचेत रूप से इसका उपयोग कर सकते हैं। अगर हम इसे होशपूर्वक एक्सेस करते हैं, तो हम इसे इनर इंजीनियरिंग कहते हैं।

विवेक बिंद्रा, उद्यमी
@DrVivekBindra
जो आज तुम्हारा है, कल और किसी का था, परसों किसी और का होगा। तुम इसे अपना समझ कर मगन हो रहे हो, बस यही प्रसन्नता तुम्हारे दुःखों का कारण है।

राधानाथस्वामी, अध्यात्मिक गुरु
@radhanathswami
हमारे हृदय में जो प्रेम है, उसकी खोज करने से बढ़कर सृष्टि में और कोई आनंद नहीं है; हर कोई उस प्यार की तलाश में है।

नॉलेज कॉर्नर: सर्वप्रथम 19वीं शताब्दी में बना था इसका मानचित्र

देश की सबसे ऊंची चोटी 'कंचनजंघा'

हम जब भूगोल विषय पढ़ते हैं तो महाद्वीप, महासागर, पर्वत श्रेणियां और कई प्रकार के पृथ्वी से जुड़े भौगोलिक भागों का अध्ययन करते हैं। इन्हीं में विश्व तथा भारत की सबसे ऊंची चोटियों का अध्ययन भी हमने किया है। आज हम बात करेंगे भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंघा की। यह भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में नेपाल की सीमा पर स्थित है। इसे अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न नामों से जाना जाता है। इसका उल्लेख पौराणिक कथाओं में भी मिलता है। माना जाता है कि इसकी ढलान को सदियों पहले सर्वप्रथम चरवाहों और व्यापारियों द्वारा पहचाना गया था। हालांकि विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट है, जिसे नेपाल में सागरमाथा के नाम से जाना है। इसकी ऊंचाई 8,848 मीटर है।

कंचनजंघा का इतिहास

इस चोटी का पहला मानचित्र 19वीं शताब्दी के मध्य में तैयार किया गया था। इसे रीनजिन नांगयाल नामक अन्वेषणकर्ता ने परिपथात्मक मानचित्र के तौर पर बनाया था। इसके बाद वर्ष 1848-1849 में सर जोजेफ हुकर नामक एक वनस्पति शास्त्री ने इसका वर्णन किया। ऐसा करने वाले वे पहले यूरोपीय थे। वर्ष 1899 में पर्वतारोही डगलस फ्रेशफ़ील्ड ने इसकी संपूर्ण परिक्रमा की थी। वर्ष 1905 में एक एंग्लो स्विस दल ने यालुंग घाटी मार्ग से इस पर्वत पर जाने की कोशिश की थी, लेकिन इस अभियान में हिमस्खलन होने के कारण दल के चार सदस्यों की मौत हो गई थी। वर्ष 1929 और 1931 में एक बाबेरियाई दल ने जेमु की ओर से इस पर चढ़ाई की, लेकिन वे असफल रहे। पर्वत पर चढ़ाई के दौरान हुई जानलेवा दुर्घटनाओं के कारण इसे खतरनाक और कठिन पर्वत का नाम दे दिया था।



तीन कोनों जैसा पर्वत

कंचनजंघा अपनी ऊंचाई के कारण विश्व की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। जो कि दार्जिलिंग से 74 किलोमीटर दूर सिक्किम राज्य के उत्तर पश्चिम भाग में नेपाल की सीमा पर है। इसकी ऊंचाई आठ हजार पांच सौ छियासी मीटर है। यह पर्वतश्रेणी हिमालय पर्वत श्रेणी का ही एक भाग है। इस पर्वत का आकार एक विशालकाय सलीब यानी तीन कोनों के पर्वत जैसा है। इस पर्वत की भुजाएं उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में फैली हुई है। यह अपने अलग-अलग शिखर से चार मुख्य पर्वतीय कटकों को छूता है। इस पर्वत श्रेणी से चार हिमनद होकर गुजरते हैं। पूर्व से जेमु, दक्षिण-पूर्व से तालूंग, दक्षिण पश्चिम से यालुंग तथा पश्चिमोत्तर से कंचनजंघा।

ऐसे पड़ा नाम

बात करें कंचनजंघा नाम की उत्पत्ति की तो यह शब्द तिब्बती मूल के चार शब्दों से मिलकर बना है। ये शब्द हैं- कांग, छेन, दजों तथा गा। इस तरह कालांतर में इसका नाम कंचनजंघा हो गया। सिक्किम भाषा में इसका अर्थ विशाल हिम की पांच निधियां होता है। जबकि नेपाल में इसे कुंभकरन लंगूर कहा जाता है। कंचनजंघा को लिम्बू सेवालुंगमा भी कहा जाता है। **कंटेंट: सुप्रिया सरकार**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने नोटिस में कहा- प्रधानमंत्री का लहजा और अभिप्राय था 'अपमानजनक'

वेणुगोपाल ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का एक नोटिस दिया है।

उन्होंने इस नोटिस में आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नेहरू उपनाम रखने का सुझाव देना, दोनों नेताओं के विशेषाधिकार का उल्लंघन है और सदन की अवमानना है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने अपने नोटिस में क प्रधानमंत्री के उस सुझाव

को 'हास्यास्पद' करार दिया कि उन्हें (सोनिया और राहुल) नेहरू उपनाम का इस्तेमाल करने में क्यों शर्म आती है।

ये कहा था प्रधानमंत्री ने

संसद के बजट सत्र के पहले चरण में नौ फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में गांधी परिवार के सदस्यों पर सीधा हमला बोलते हुए पूछा था कि उन्हें नेहरू उपनाम का इस्तेमाल करने में शर्म क्यों आती है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि 600 सरकारी योजनाएं सिर्फ गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर हैं। पीएम ने कहा था कि किसी कार्यक्रम में अगर नेहरू के नाम का उल्लेख नहीं होता है तो कुछ लोगों के बाल खड़े हो जाते हैं और उनका लहू एकदम गर्म हो जाता है कि नेहरू जी का नाम क्यों नहीं दिया। उन्होंने कहा था कि मुझे ये समझ नहीं आता है कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम (उपनाम) रखने से डरता क्यों है। क्या शर्मिंदगी है नेहरू सरनेम रखने से। क्या शर्मिंदगी है। इतना बड़ा महान व्यक्तित्व अगर आपको मंजूर नहीं है, परिवार को मंजूर नहीं है और हमारा हिसाब मांगते रहते हो।

मोदी ने उड़ाया मजाक

वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि पिता का उपनाम बेटी को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि यह जानने के बावजूद प्रधानमंत्री ने मजाक उड़ाया। वेणगोपाल ने नोटिस में कहा है कि प्रधानमंत्री का लहजा और अभिप्राय 'अपमानजनक' था। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आक्षेप के समान है जो उनके विशेषाधिकारों का उल्लंघन करता है और सदन की अवमानना के समान भी है।

'ध्यान भटकाने की रणनीति': भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिए जाने को शुक्रवार विदेशी धरती पर भारत का 'अपमान' करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्से से ध्यान भटकाने का हथकंडा करार दिया। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि

भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को देश भर में गुस्से और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है और विपक्षी पार्टी अब ध्यान भटकाने की रणनीति अपना रही है। भाजपा का मानना है कि वेणुगोपाल ने जो किया है वह 'नौटंकी और ध्यान भटकाने की रणनीति' है।

जीतन राम मांझी भी रामचरितमानस विवाद में कूदे

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी शुक्रवार को रामचरितमानस से जुड़े विवाद में कूद पड़े हैं। कुछ महीने पहले राज्य के एक मंत्री के बयान से उपजा यह विवाद अभी तक शांत नहीं हुआ है। राज्य की महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी पत्रकारों के सवालों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उनसे राज्य के शिक्षा मंत्री व राजद नेता चंद्रशेखर की महाकाव्य पर विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछी गई थी।उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा माना है कि भगवान राम एक काल्पनिक व्यक्ति हैं न कि ऐतिहासिक। मैं ऐसा कहने वाला पहला व्यक्ति नहीं हूं। इसी तरह के विचार राहुल सांकृत्यायन और लोकमान्य तिलक जैसे विद्वानों ने व्यक्त किए हैं।

4 राज्यों में विधान परिषद गठित करने के प्रस्ताव: सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान और असम में विधान परिषद गठित करने के प्रस्ताव विचाराधीन हैं। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उधर, सरकार ने बताया कि राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने में धन की बचत, राजनीतिक दलों के चुनाव अभियान पर खर्च में कमी सहित कई फायदे हैं, हालांकि संविधान के कुछ अनुच्छेदों में संशोधन कराना और राजनीतिक दलों की सहमति प्राप्त करने जैसी अड़चने भी हैं। विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने के परिणामस्वरूप जनता के धन की बड़ी बचत होगी और राजनीतिक दलों को उनके चुनाव अभियानों में पर्याप्त बचत होगी।

विपक्ष JPC के गठन, जबकि सत्ता पक्ष राहुल से माफी मंगवाने पर अड़ा

20 मिनट हंगामा, 72 घंटे के लिए कार्यवाही स्थगित

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग को लेकर भाजपा के सदस्यों ने और अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन लोकसभा में भारी हंगामा किया। सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के शोर-शराबे के कारण निचले सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सोमवार से शुरू हुए संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में विपक्ष और सत्ता पक्ष के हंगामे के कारण लगातार पांचवें दिन लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही बाधित रही और अन्य कामकाज नहीं हो सके। सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया और प्रश्न पूछने के लिए कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी का नाम पुकारा। इस बीच कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मामले की जेपीसी जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। उधर, सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिए गए बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे अपने स्थान पर जाकर बैठें। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों को भी बैठने का संकेत किया। सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों का शोर-शराबा जारी रही। सत्ता पक्ष के सदस्य 'राहुल गांधी माफी मांगों' के नारे लगा रहे थे, जबकि कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल के सदस्य 'बोलने दो, बोलने दो..राहुल जी को बोलने दो' के नारे लगा रहे थे।

- सदन में लगातार 5वें दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष का हंगामा
- दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित
- शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण सदन की अगली बैठक सोमवार को होगी

एक सप्ताह से संसद में गतिरोध जारी

संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया। अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर जेपीसी गठित करने की मांग पर विपक्ष के हंगामे तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाल में लंदन में दिए गए बयान पर उनसे माफी मंगवाने की मांग पर सत्ता पक्ष के अड़े रहने के कारण शुक्रवार को भी दोनों सदनों में गतिरोध जारी रहा। लोकसभा एवं राज्यसभा, दोनों ही सदनों में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण पूरे सप्ताह एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए और कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हो पाया।

राहुल भारत के खिलाफ काम करने वाले 'टूलकिट का स्थायी हिस्सा'

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय लोकतंत्र की स्थिति पर ब्रिटेन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह भारत के खिलाफ काम करने वाले उस 'टूलकिट का स्थायी हिस्सा' बन गए हैं, जो भारत में 'कमजोर और गठबंधन की मजबूर सरकार' चाहता है ताकि उसका फायदा उठाया जा सके। नड्डा ने एक बयान में

गांधी पर अरबपति फाइनेंसर जॉर्ज सोरोस की भाषा बोलने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि कांग्रेस और तथाकथित वाम उदारवादी देश के खिलाफ विदेशी ताकतों की गहरी साजिश का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्र विरोधी' कांग्रेस नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गांधी को देश के आंतरिक मामलों में विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप की मांग करने के अपने 'पाप' के लिए भारत के लोगों से माफी मांगनी ही होगी।

विपक्षी सांसदों ने धरना दिया

विपक्षी सांसदों ने लगाए 'वी वांट जेपीसी' के नारे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों ने अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग करते हुए शुक्रवार को संसद भवन के परिसर में धरना दिया। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सदस्यों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया। इस धरने में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खरगे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी तथा कई अन्य सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने 'वी वांट जेपीसी' के नारे भी लगाए गए।

ईडी ने अदालत में किया पेश

ED ने सिसोदिया की हिरासत 5 दिन बढ़ाई

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की ईडी की हिरासत की अवधि शुक्रवार को पांच दिन के लिए और बढ़ा दी। ईडी ने अदालत से सिसोदिया की हिरासत अवधि सात दिन के लिए और बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। अदलत ने उनकी हिरासत अवधि 22 मार्च तक के लिए बढ़ा दी। दिल्ली आबकारी नीति से संबद्ध धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को ईडी ने विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत में पेश किया। राउज एवेन्यू अदालत परिसर के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ईडी ने अदालत को बताया कि सिसोदिया की हिरासत के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी मिली है तथा उन्हें अन्य आरोपियों के साथ बिठा कर पूछताछ करनी है। इन आरोपियों में पूर्व आबकारी आयुक्त राहुल सिंह, दिनेश अरोड़ा और अमित अरोड़ा शामिल हैं। संघीय जांच एजेंसी

ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री का उनके पूर्व सचिव सी अरविंद से भी सामना कराया जाना है। बहरहाल, सी अरविंद मामले में आरोपी नहीं हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि 'आप' नेता मनीष सिसोदिया के ईमेल में मिले डेटा, उनके मोबाइल फोन का फॉरेंसिक विश्लेषण भी किया जा रहा है। सिसोदिया के वकील ने उनकी रिमांड अवधि बढ़ाने की संघीय जांच एजेंसी ईडी के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि तथाकथित अपराध से अर्जित आय पर जांच एजेंसी कुछ नहीं बोल रही है, जबकि मामले के केंद्र में यही है। उन्होंने यह भी कहा कि हिरासत की अवधि बढ़ाए जाने का कोई तुक नहीं है और सिसोदिया की पूर्व की सात दिवसीय हिरासत के दौरान उनका सामना केवल चार लोगों से कराया गया।

जगन मोहन रेड्डी ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

एजेंसी | नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनसे राज्य के विभाजन के नौ साल बाद भी लंबित कई मुद्दों पर काम में तेजी लाने का अनुरोध किया। बाद में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की और उनके साथ लंबित मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में रेड्डी ने उन्हें याद दिलाया कि केंद्रीय वित्त सचिव की अध्यक्षता में गठित विशेष समिति द्वारा कई दौर की चर्चा के बावजूद कुछ प्रमुख मुद्दे अनसुलझे हैं। समिति का गठन आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में उल्लिखित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देने के लिए किया गया था। रेड्डी ने वित्त वर्ष 2014-15 के लिए रिसोर्स गैप फंडिंग के तहत

लंबित 36,625 करोड़ रुपए को जल्द जारी करने और पोलावरम परियोजना पर राज्य सरकार द्वारा किए गए 2,600.74 करोड़ रुपए के बकाया की प्रतिपूर्ति के अलावा 17,923 करोड़ रुपए की क्रेडिट सीमा बढ़ाने की मांग की। उन्होंने मोदी से पोलावरम परियोजना पर तकनीकी सलाहकार समिति के 55,548 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान को स्वीकार करने, पेयजल आपूर्ति घटक को इसका हिस्सा मानने और निर्माण में तेजी लाने के लिए तदर्थ आधार पर तत्काल 10,000 करोड़ रुपए जारी करने की भी अपील की।

अखिलेश ने ममता से की मुलाकात

तृणमूल कांग्रेस और सपा ने मिलकर BJP से लड़ने का किया फैसला

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे, जबकि कांग्रेस से भी समान दूरी बनाए रखेंगे।

यह जानकारी सपा के वरिष्ठ नेता किरणमय नंदा ने दोनों दलों के प्रमुखों ममता बनर्जी और अखिलेश यादव की शुक्रवार को हुई बैठक के बाद दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने बनर्जी से कोलकाता के कालीघाट स्थित उनके आवास जाकर मुलाकात की और नेताओं की बंद कमरे में करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। नंदा

ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह फैसला किया गया है कि तृणमूल कांग्रेस और सपा भाजपा से लड़ने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। दोनों पार्टियां कांग्रेस से दूरी बनाए रखेंगी। यादव ने कहा कि पार्टी कांग्रेस और भाजपा से समान दूरी बनाए रखने की नीति का अनुसरण कर रही हैं। उन्होंने संवादाताओं को बताया कि क्षेत्रीय पार्टियां आने वाले दिनों में अपनी रणनीति तय करेंगी।

उन्होंने कहा कि हम ममता बनर्जी से सौहार्द्रपूर्ण संबंध साझा करते हैं। स्वभाविक है कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर भी बैठक में चर्चा की गई। विपक्षी खेमे में कांग्रेस की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को स्वयं तय करना है।

विपक्ष में कई चेहरे, जो बन सकते हैं पीएम

वरिष्ठ नेता किरणमय नंदा ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां अपनी भूमिका तय करने में सक्षम हैं। कांग्रेस को अपनी भूमिका तय करनी है। किसी को ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे (भाजपा से लड़ाई पर) बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यादव ने कहा कि विपक्षी खेमे में कई चेहरे हैं जो प्रधानमंत्री बन सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने अब तक इस मुलाकात को लेकर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। पार्टी ने सिर्फ दोनों नेताओं के भेंट की तस्वीर साझा की है जिसमें वे एक-दूसरे का अभिवादन कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने ट्वीट किया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अध्यक्ष (तृणमूल) ममता बनर्जी से आज कोलकाता में मुलाकात की।

अखिलेश ने बनर्जी का किया था समर्थन

अखिलेश यादव ने वर्ष 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस कर समर्थन किया था, जिसके जवाब में ममता बनर्जी ने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान अखिलेश की पार्टी के लिए चुनाव प्रचार किया था।

कांग्रेस-बीजेपी से दूरी बनाकर रखेगी समाजवादी पार्टी: अखिलेश

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों से बराबर दूरी बनाकर रखेगी। यादव ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए सपा, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के साथ दृढ़ता से खड़ी रहेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बंगाल में हम ममता दीदी के साथ हैं। इस समय हमारा रुख है कि हम भाजपा और कांग्रेस दोनों से समान दूरी रखना चाहते हैं। इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष ने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए ममता बनर्जी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सपा हमारे संविधान को बचाने के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार है। अगर हम उत्तर प्रदेश में भाजपा को हरा सके, तो भाजपा को पूरे देश में हराया जा सकता है। यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देश की संपत्तियों को विदेशी शक्तियों और निजी क्षेत्र को बेचने का आरोप भी लगाया।

जरूरी खबर

मोदी, हसीना आज करेंगे पाइपलाइन का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पहली भारत-बांग्लादेश ऊर्जा पाइपलाइन का शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के बीच यह पहली सीमापार पाइपलाइन है। इसे लगभग 377 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। कुल कीमत में 285 करोड़ रुपए बांग्लादेश में पाइपलाइन बिछाने में व्यय हुए हैं। यह राशि भारत ने अनुदान सहायता के तहत खर्च की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 18 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये से भारत-बांग्लादेश मित्र पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे।

'समारोह में बोलने का मौका नहीं मिलने से हूं स्तब्ध'

मुंबई। तमिल वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वालीं फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा ने कहा कि समारोह में बोलने का मौका नहीं मिलने से वह 'बेहद स्तब्ध' हैं। दरअसल, पुरस्कार ग्रहण करने के बाद जब गुनीत मोंगा के बोलने का मौका आया, तभी उसी समय संगीत बजा दिया गया। 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र का पुरस्कार जीतने वालीं फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा शुक्रवार को अपनी ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटीं। गुनीत मोंगा ने हवाईअड्डे पर कहा कि मैं पुरस्कार जीत कर कृतज्ञ हूं।

गोधरा ट्रेन आगजनी केस में सुनवाई 24 को

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन आगजनी मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कई दोषियों की जमानत याचिकाओं तथा गुजरात सरकार की अपील पर 24 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने इस बीच, गुजरात सरकार के वकील और दोषियों को उस समेकित चार्ट की एक सॉफ्ट कॉपी प्रदान करने का निर्देश दिया, पीठ ने कहा हम इसे 24 मार्च को सुनेंगे।

'खंजर 2023' में दिखाया दम

किर्गिस्तान के टोकमोक में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर 2023' का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान, युद्ध की शूटिंग, कटाक्ष, पर्वत अस्तित्व, बंधक बचाव अभ्यास, और निहत्थे युद्ध सभी बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। इस के दौरान अभ्यास करते भारतीय-किर्गिस्तान सेना के जवान। **-पीटीआई**

मुर्मू ने काफिला रोक बच्चों को बांटीं चॉकलेट

कोल्लम (केरल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को केरल के कोल्लम जिले में अपना काफिला रुकवाकर सड़क किनारे उनकी प्रतीक्षा कर रहे स्कूली छात्रों को चॉकलेट बांटीं। सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित वीडियो में आज सुबह राष्ट्रपति यहां करुणागपल्ली में अपने सरकारी वाहन से उतरकर बच्चों को चॉकलेट देती हुई दिख रही हैं। उत्साहित बच्चों को हाथ हिलाते देख राष्ट्रपति ने अचानक राजमार्ग पर अपना काफिला रुकवाया। बच्चे यह देखकर हैरान रह गए कि राष्ट्रपति मुस्कुराती हुई उनकी ओर बढ़ रही हैं। चॉकलेट बांटने के बाद राष्ट्रपति ने कुछ पल बच्चों के साथ बिताए और फिर उनसे विदा लेते हुए वापस अपने वाहन में सवार हो गईं। राष्ट्रपति सुबह यहां अमृतपुरी आश्रम पहुंचीं, जिसके बाद उन्होंने तिरुवनंतपुरम में आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत की।

दिल्ली LG बोले- पिछले कुछ दिनों में अभिव्यक्ति की मर्यादा हुई तार-तार

'हवा पत्ते गिराती है, लेकिन खत्म नहीं होता पेड़ से रिश्ता'

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में अभिव्यक्ति की मर्यादा तार-तार हुई है। उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर आप सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के मध्य जारी टकराव के बीच यह टिप्पणी की।

हालांकि, सक्सेना ने जोर देकर कहा कि संबंध बरकरार रहेंगे, क्योंकि यह 'हमारी सरकार' है। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन, सदन में अपने पहले संबोधन के बाद बाहर निकले सक्सेना से संवाददाताओं ने उनके और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के तल्ख रिश्तों के बारे में सवाल किया। इस दौरान, केजरीवाल भी उनके साथ थे। जवाब में सक्सेना ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले कुछ दिनों में अभिव्यक्ति की कुछ सीमाएं तार-

तार हुई हैं। लेकिन, मैं एक बात कहना चाहूंगा। एक पेड़ ने हवाओं के लिए बहुत ही खूबसूरत पंक्तियां कही हैं-वह रोज मेरे पत्तों को गिराती है, लेकिन फिर भी उसके साथ मेरा रिश्ता खत्म नहीं होता। यह हमारी सरकार है, रिश्ते कैसे टूट सकते हैं? 'आप' सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच हाल के दिनों में सरकारी स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर देखने को मिला है। 'आप' ने उपराज्यपाल पर दिल्ली सरकार के कामकाज में 'दखलअंदाजी' करने और प्रशिक्षण के लिए कुछ शिक्षकों की फिनलैंड यात्रा को 'बाधित' करने का आरोप लगाया था। पार्टी ने दावा किया था कि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को कई बार उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा था। इस महीने की शुरुआत में, सक्सेना ने शिक्षकों की फिनलैंड यात्रा को मंजूरी दे दी थी, लेकिन उन्होंने कहा था कि केजरीवाल सरकार ने 'अतीत में आयोजित विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावशीलता का आकलन' पेश करने से इनकार कर दिया था। एलजी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया था कि सक्सेना ने शिक्षा विभाग के सभी 29 प्रशासनिक क्षेत्र का 'बराबर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए' प्रशिक्षण के वास्ते फिनलैंड जाने वाले शिक्षकों की संख्या 52 से बढ़ाकर 87 कर दी है।

'विजय संकल्प यात्रा' में बोले अध्यक्ष

कांग्रेस खतरे में है, न कि लोकतंत्र: नड्डा

एजेंसी | मोलकाल्मुरु (कर्नाटक)

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी खतरे में है, न कि लोकतंत्र। उन्होंने यह हमला कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए गए बयान के मद्देनजर किया। उन्होंने कांग्रेस नेता पर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का आरोप लगाया और जनता से अपील की कि वह ऐसे लोगों को (चुनाव में हराकर) घर पर बैठाए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से मानसिक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है, वह निंदनीय और पीड़ादायी है। कांग्रेस इन दिनों जिस तरह की गतिविधियों में संलिप्त है और उसके नेता जो कर रहे हैं, वह निंदनीय है। यहां 'विजय संकल्प यात्रा' के तहत जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, अपराधीकरण और बांटो व राज करो की नीति में संलिप्त है। नड्डा ने कहा कि उन्होंने अब सारी हदें पार कर दी हैं।

भाजपा बोली- आप ने दिल्ली को शराब में डुबोने का काम किया

नई दिल्ली। भाजपा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उस पर 'दिल्ली को शराब में डुबोने' और शराब घोटाले से देश का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा ने 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित 'घोटाले' को लेकर आप और अरविंद केजरीवाल सरकार पर लगातार हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि शराब नीति को पलटने का फैसला केजरीवाल के आवास पर किया गया। उन्होंने कहा कि जो लोग (आप) खुद को 'कट्टर ईमानदार' कहते थे, वे 'झूठों के सरदार' लगते हैं। इस पार्टी की तेजी से उभरती वास्तविकता इसके नेताओं के असली चेहरों को उजागर कर रही है।" भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि आप में भ्रष्टाचार केवल एक नेता तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी सरकार इसमें डूबी हुई है। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न मुद्दों को उछाल कर वे पिछले कई महीनों से ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं, जहां वे सच को दबा सकें या नकार सकें। इस हंगामे में दिल्ली को शराब में डुबोने वाले भागने की कोशिश कर रहे हैं। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के आवास पर ही आप ने तकनीकी समिति के निर्देशों को पलट दिया था। उन्होंने कहा कि इस तरह उनके पास भ्रष्टाचार के आरोपों से बचने का कोई रास्ता नहीं है।

राम मंदिर में शुरू हुई तैयारियां

जनवरी 2024 में होगा 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम

एजेंसी | नागपुर (महाराष्ट्र)

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने से पहले जनवरी 2024 में एक विशाल 'प्राण प्रतिष्ठा' (मूर्ति स्थापना) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में विहिप के महासचिव मिलिंद परांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में राम जन्मभूमि पर 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम अगले साल जनवरी में मकर संक्रांति के बाद 15 दिन की अवधि के दौरान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विशाल कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू हो गई है और इसमें 25 से 40 लाख श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन के लिए स्थापित ट्रस्ट के एक प्रमुख सदस्य ने 15 मार्च को कहा था कि पीएम मोदी जनवरी 2024 के तीसरे सप्ताह में अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर में भगवान राम लला की मूर्ति उसके मूल स्थान पर स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पहले 34 लाख सदस्य बनाए थे। इस साल करीब 72 लाख सदस्य जोड़े।

सामवेद के हिंदी-उर्दू संस्करण का किया लोकार्पण

पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन लक्ष्य एक: मोहन भागवत

एजेंसी | नई दिल्ली

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने वेदों के सूत्र वाक्य के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि पूजा-पद्धति किसी धर्म का एक अंग होता है, लेकिन हर धर्म का अंतिम लक्ष्य आध्यात्मिक सत्य को प्राप्त करना होता है और सबको उसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संघर्ष के मौजूदा दौर में दुनिया को इस बात को समझने की आवश्यकता है। भागवत ने शुक्रवार को फिल्म लेखक एवं निर्देशक इकबाल दुर्रानी द्वारा अनुवादित सामवेद के हिंदी-उर्दू संस्करण का लोकार्पण करते हुए कहा कि पूजा-पद्धति किसी धर्म का एक अंग होता है, यह किसी धर्म का संपूर्ण सत्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम सत्य हर धर्म का मूल होता है और सबको उसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि सबको अपना रास्ता सही दिखाई पड़ता है, लेकिन यह समझना चाहिए कि इन सभी मार्गों का अंतिम लक्ष्य एक सत्य को ही प्राप्त करना होता है।

उन्होंने एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि अलग-अलग रूप से उपासना करने के बाद भी सुखी रहा जा सकता है, लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि सबकी उपासना का आदर करते हुए सत्य की उपासना करनी चाहिए और



यही अंतिम ज्ञान का स्वरूप है। भागवत ने कहा कि वेद सूत्र वाक्य की तरह होते हैं, उनके संपूर्ण अर्थ को समझने के लिए उपनिषद जैसी अन्य रचनाओं की आवश्यकता होती है। हमें इनका अध्ययन करना चाहिए जिससे हम उनके मूल संदेशों को समझ सकें। उन्होंने कहा कि लोग अकारण ही एक दूसरे से नफरत कर रहे हैं, ऐसे में सामवेद के प्रेम संदेश और शाश्वत सत्य को लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

आरएसएस मार्च की अनुमति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आरएसएस को मार्च निकालने की अनुमति देने के मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को टाल दी। न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यम और पंकज मित्तल की पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 27 मार्च की तारीख मुकर्रर की, क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साल 22 सितंबर के मूल आदेश को चुनौती दी है, जिसमें तमिलनाडु पुलिस को आरएसएस के अभ्यावेदन पर विचार करने और बिना किसी शर्त के कार्यक्रम आयोजित करने देने का निर्देश दिया गया था। आरएसएस की ओर से पेश वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने मामले की पिछली सुनवाई में मार्च की अनुमति देने के लिए वैकल्पिक प्रस्ताव का वचन दिया था। रोहतगी ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों से बात की, जिन्होंने बताया कि पहले वे अपील दायर करेंगे और फिर वे वैकल्पिक प्रस्ताव देंगे। पीठ ने कहा कि आरएसएस के वकील यह नहीं कह रहे हैं कि राज्य को अपील दायर करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन अगर प्रस्ताव भी दिया जाता तो बेहतर होता। रोहतगी ने दलील दी कि हाल ही में फर्जी वीडियो के आधार पर उत्तर भारत के प्रवासियों पर हमले को लेकर कुछ गड़बड़ी हुई थी। इस पर पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को करीब 10 दिन पहले सुलझा लिया गया है।

डीयू लिट फेस्ट: दीया कुमारी ने गायत्री देवी के संस्मरण पर चर्चा की

देश में बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में अग्रणी थीं गायत्री देवी

बेधड़क । जयपुर

'गायत्री देवी न केवल मेरे लिए, बल्कि देश और विश्व भर में कई लोगों के लिए आदर्श थीं। व्यापक रूप से अपने आकर्षण और सुंदरता के लिए जानी जाने वाली एक खूबसूरत इंसान भी थीं।' ये विचार राजसमंद की सांसद दीया कुमारी ने शुक्रवार को डीयू लिट फेस्ट में रखे। उन्होंने कहा कि वे लड़कियों की शिक्षा के प्रति जुनूनी थीं और उन्होंने 1940 के दशक में स्कूलों और खेल संस्थानों की शुरुआत की। दीया कुमारी दिल्ली यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित दिल्ली लिटरेचर फेस्टिवल में थीं। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय गायत्री देवी के संस्मरण 'ए प्रिंसेस रिमेम्बर्स' पर जयपुर की लेखिका धर्मेंद्र कंवर से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह अपने समय से बहुत आगे थीं। एक महिला जिसने घोड़ों की सवारी की, बैडमिंटन और टेनिस खेलीं, गोल्फ क्लब और टेनिस क्लब शुरू किया और लड़कियों और महिलाओं के जीवन में बदलाव का नेतृत्व किया।

पूर्व राजमाता से मिली प्रेरणा

दीया कुमारी ने महाराजा सवाई मान सिंह सैकंड संग्रहालय को दुनिया के प्रमुख महल-संग्रहालयों में से एक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजमाता से प्रेरित होकर उन्होंने प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) स्थापित किया था। महिलाओं को समाज में अपना सही स्थान हासिल करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया। पीडीकेएफ उनकी तरह ही ग्रामीण और शहरी महिलाओं और लड़कियों के जीवन-कौशल को बढ़ा रहा है और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित कर रहा है।

महिलाओं की स्थिति हुई बेहतर

सांसद ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की स्थिति कई मायनों में बेहतर हुई है। महिला-केंद्रित और महिलाओं के नेतृत्व में विकास में बदलाव आया है। हालांकि, राजनीति एक पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है। आज के समय में लोकसभा में केवल 82 महिला सांसद हैं। महिलाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए एक मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण स्थान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन सभी महिलाओं के लिए एक उदाहरण पेश किया है, जो राजनीति में प्रवेश करना चाहती हैं। कुछ महत्वपूर्ण विभागों को महिला मंत्रियों द्वारा संभाला जा रहा है। भारतीय महिलाओं का राजनीति में उज्ज्वल भविष्य है। आशा है, कि भारत एक जेंडर-बेलेंस्ड पॉलिटिकल लीडरशिप बने।

पौधे लगाए और किया श्रमदान

बेधड़क. जयपुर। पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए टीम 10 ट्री एंबुलेंस ग्रुप की ओर से 2 टीमें पौध रोपण करने के साथ ही श्रमदान भी कर रही हैं। दो टीमें होने से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के साथ ही पहले से लगे पौधों की सार-संभाल और सफाई का काम तेजी से हो रहा है। शुक्रवार को भी टीम ने कई स्थानों पर श्रमदान किया और पर्यावरण संरक्षण के काम किए। इसमें मलवा उठाने के साथ ही पौधे लगाना और पौधों में पानी डालना आदि के काम किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। पहली टीम अब शनिवार को विद्याधर नगर के सेक्टर 7 के डीपीएस स्कूल के पास वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट और डिवाइडर में पेड़ो की सार-संभाल और श्रमदान करते हुए पौधारोपण करेगी। ऐसे ही दूसरी टीम पिकअप से विद्याधर के अलग-अलग जगह से मलवा उठाएगी और साफ-सफाई के कार्यों को पूरा करेगी।

रिसर्च पर वर्कशॉप आज

बेधड़क. जयपुर। गर्ल्स नॉट ब्राइड अलाएंस राजस्थान ने 11 संगठनों के साथ प्रदेश के 14 जिलों के 24 विकास खण्डों में रिसर्च की और उस रिसर्च को अब साझा किया जाएगा। रिसर्च स्टडी ऑन गर्ल्स रीज्वानिंग टू स्कूल ऑफ्टर कोविड-19 क्लोजर सब्जेक्ट पर हुई रिसर्च में कई नवीन जानकारियां सामने आई। इसके लिए एक मीडिया कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। वर्कशॉप में रिसर्च करने वाले युवा शामिल होंगे और सभी अपनी-अपनी जानकारी देंगे। शनिवार को होने वाली वर्कशॉप में राजस्थान का अध्ययन पेश होगा।

'बगिया बांछाराम' में देंगे मैसेज

बेधड़क. जयपुर। कलाकार नाटक के जरिए मंच पर मैसेज देंगे। मौका होगा निर्देशक राम सहाय पारीक के नाटक बगिया बांछाराम की के मंचन का। यह नाटक शनिवार शाम 7 बजे रविंद्र मंच पर खेला जाएगा। मनोज मित्र की ओर से लिखा गया नाटक ललित कला संगम की प्रस्तुति है, जिसमें बॉलीवुड मूवीज में भी नजर आ चुके कलाकार शामिल होंगे। बगिया बांछाराम की ऐसी कहानी है, जिसमें सामाजिक ताना-बाना भी दर्शाया गया है और उसी के जरिए मैसेज देने का प्रयास किया है। नाटक में सभी वरिष्ठ कलाकार हिस्सा लेंगे और अपने अनुभव के आधार पर अभिनय को जीवंत करेंगे।

City इवेंट्स

जैन ईएनटी ने जीता मैच

बेधड़क. जयपुर। डॉक्टर प्रीमीयर लीग के शुक्रवार को हुए मैच में जैन ईएनटी ने डकवर्थ लुईस आधार पर जीत दर्ज की। डीपीएल आयोजन कमेटी के सदस्य डॉ. युवराज सिंह और डॉ. अरुण सोनी ने बताया कि डॉक्टर सोशल एंड वेल फेयर सोसायटी के तत्वाधान में खेले जा रहे डॉक्टर प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को मंगलम एंड देशबंधु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन बनाए। इसमें डॉ सुशील ने 42 रन बनाए। बारिश की वजह से ओवर्स की संख्या घट गई। जैन ईएनटी ने 10.4 ओवर में निर्धारित 90 रन बनाए और डकवर्थ लुईस आधार पर मैच जीत लिया। डॉ. सतवीर ने 39 रन बनाए। डॉ. अमित और डॉ. सतीश ने 2-2 विकेट लिए। डॉ. सतीश जैन मैन ऑफ द मैच रहे।

जयपुर के मंच पर खेलेंगे ब्रज की होरी

बेधड़क. जयपुर। ब्रज सुर मंडल की ओर से शहर में फिर से ब्रज होरी समारोह की शुरुआत होगी। ब्रज सुर मंडल के सचिव डॉ. पुष्पेन्द्र पाल सिंह और सह सचिव मुक्ता चड्ढा ने बताया कि 35वां ब्रज होरी समारोह रविवार को रवीन्द्र मंच ओपन एयर थिएटर पर शाम 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्वांचल के 100 लोक कलाकार रसिया, लांगुरिया, चरकुला, मयूर नृत्य, बम रसिया, फूलों की होरी, कृष्ण लीला व ब्रज संस्कृति के रंग में रंगी प्रस्तुतियों से मनोरंजन करेंगे। निःशुल्क एंट्री पासेज रवीन्द्र मंच तथा एमआई रोड स्थित राहुल एंड कंपनी पर सुबह 11 से शाम 6 बजे तक मिलेंगे। सह सचिव मुक्ता चड्ढा ने बताया कि कोरोना की पाबंदियों के कारण शहर में हर साल होने वाले इस समारोह की परंपरा टूट गई थी। उसे फिर से जोड़ने के ब्रज सुर मंडल इस साल से फिर यह समारोह शुरू करने जा रहा है। इस बार यह 35वां ब्रज होरी समारोह है।

अब आरयू में होगा अपशिष्ट प्रंबधन

बेधड़क. जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी के गृह विज्ञान विभाग में रूसा 2.0 प्रोजेक्ट 12 के तहत 2 दिवसीय इंटरनेशनल वर्कशॉप का समापन हुआ। पहले सत्र का संचालन प्रो. रूबी जैन ने किया। वर्कशॉप में आए नेशनल और इंटरनेशनल वक्ताओं ने प्रभावी अपशिष्ट पदार्थों के आंकड़ों को प्रदर्शित किया। प्रोफेसर सुनीता अग्रवाल ने बताया कि 1 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त होने पर आरयू के सभी हॉस्टल्स में इसी तरह के अपशिष्ट प्रबंधन सयंत्र स्थापित किए जाएंगे। लायन्स क्लब के पवन अग्रवाल और सुनील ब्योत्रा भी उपस्थित रहे। महारानी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मुक्ता अग्रवाल ने कचरा प्रबंधन पर मोटिवेट किया।

कार्मिक विभाग ने तैयार की फुलवारी

70 से भी अधिक प्रजातियों के फूलों से गुलजार हुआ सेक्रेटरेट



बेधड़क | जयपुर

सचिवालय इन दिनों 70 से भी अधिक प्रजातियों के फूलों से गुलजार है। विविध किस्मों के फूलों का सतरंगी संसार आगंतुकों के स्वागत में खिला नजर आता है। आंखों को सुकून देते बोगनविलिया के 40 रंगों के फूलों की कतारें और फूलों के राजा गुलाब की भी 10 से अधिक किस्में अपनी महक से समूचे परिसर को महकाए हुए है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक (उद्यान) सुरेश नारायण शर्मा की देखरेख में इस फुलवारी को कार्मिक विभाग की ओर से तैयार किया गया है। शर्मा का कहना है कि गर्मी की फुलवारी लगने की अभी से तैयारी हो रही है। उद्यान का लॉन भी हरा-भरा मनमोहक लग रहा है, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को आनंद की अनुभूति हो रही है। उद्यान में लगी 20 प्रजाति की फुलवारी, 10 प्रजाति के गुलाब और 40 रंगों के बोगनविलिया आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। यहां खिले विविध रंगी पुष्पों में पिटुनिया, साल्विया पैन्जी, आस्टर फलोक्स, पनसेटिया, बरबीना, केलेन्डुला, नस्ट्रेशियम, लार्कस्पर गेंदा, लीजम, बिगोनिया, गजेनिया, सिनरेरिया, स्वीटपी डहेलिया, डिमारपोथी, एन्ट्राइनम, क्राइसेन्थीमम के साथ गुलाब की 10 प्रजाति व बोगनविलिया के 40 रंगों के फूल शामिल हैं।

महिलाओं की खेल प्रतियोगिता का समापन

रस्साकसी करती दिखीं कृष्णा पूनिया और मंत्री ममता भूपेश

बेधड़क | जयपुर

रस्साकसी जैसा टफ खेल हो या पुरुषों के आधिपत्य माने जाने वाले खेल। सभी में महिला खिलाड़ियों ने परचम लहराया। खिलाड़ियों ने कई रोमांचक मुकाबालों में जीत हासिल की और मैडल जीते। कई दिनों की मेहनत जब एक पदमश्री खिलाड़ी के हाथों ट्रॉफी और मैडल के रूप में सामने आई तो कई प्लेयर्स भावुक हो गईं।

नजारा था इंटरनेशनल वुमंस डे पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए खेलों का, जिसका शुक्रवार को सप्ताह भर चलने के बाद समापन हुआ। समापन समारोह में विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एक प्रतीकात्मक रस्साकशी का मैच भी खेला गया, जिसमें पदमश्री व खेल परिषद अध्यक्ष कृष्णा पूनिया की टीम ने महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश की टीम को हरा दिया। इस फ्रेंडली मैच में दोनों ने गजब का उत्साह दिखाया। समापन समारोह में चीफ गेस्ट महिला व बाल विकास मंत्री ममता भूपेश रही, जिन्होंने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के साथ विजेता खिलाड़ियों को एसएमएस स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में पुरस्कृत किया। शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान अति विशिष्ट अतिथि रहीं।

उच्छब साहित्य रो | 25 से 27 मार्च को जोधपुर के जनाना बाग में होगा आयोजन

उम्दा शायरियों से आबाद होगा राजस्थान साहित्य उत्सव

बेधड़क | जयपुर

कला और संस्कृति विभाग की ओर से 25 से 27 मार्च को जोधपुर के जनाना बाग में आयोजित होने जा रहे राजस्थान साहित्य उत्सव में हिस्सा लेने की उत्सुकता प्रदेशवासियों में बनी हुई है।

कार्यक्रम की नोडल एजेंसी जवाहर कला केंद्र, सभी अकादमियां व संबंधित विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस साहित्य कुंभ के तहत राष्ट्र स्तरीय मुशायरा भी होगा। इसमें देशभर के मशहूर शायर मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 26 मार्च को सायं 6 बजे से मुशायरे का आगाज होगा। राजस्थान उर्दू अकादमी जयपुर के संयोजन में आयोजित मुशायरे में 18 शायर मंच को अपनी शायरियों से सजाएंगे। वसीम बरेलवी सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

नवाज देवबन्दी अपनी शायरियों से श्रोताओं को रिझाने के साथ कार्यक्रम का संचालन करेंगे। जोधपुर के शीन काफ निजाम, मुंबई के शकील आजमी और एम. तुराज, जयपुर के लोकेश सिंह साहिल अपनी उम्दा शायरियों से समां बांधेंगे।

ये भी जगाएंगे जादू

जोधपुर के हबीब कैफी और इशराकुल इस्लाम, डॉ. निसार राही, ब्रजेश अम्बर, ग्वालियर के मदन मोहन दानिश, आगरा की हीना तैमूरी, भोपाल के अंजुम रहबर, दिल्ली की मुमताज नसीम, बीकानेर के असद अली 'असद', जाकिर अदीब, बुनियाद जहीन और मोहम्मद इरशाद अपनी शायरियों का जादू मंच पर चलाने वाले हैं।

सांस्कृतिक गतिविधियां भी दर्शकों को लुभाएंगी

गौरतलब है बजट घोषणा वर्ष 2019-20 के क्रियान्वयन के आलोक में राजस्थान साहित्य उत्सव: साहित्य कुम्भ-2023 (राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल) का आयोजन जोधपुर स्थित जनाना बाग (उम्मेद उद्यान) में 25, 26 एवं 27 मार्च को किया जा रहा है। इसमें मुशायरा, राजस्थानी काव्य पाठ, संवाद-सत्र समेत विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ पुस्तक मेला, हस्तशिल्प व फूड स्टॉल्स भी लगायी जाएंगी। इस दौरान राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें इसके लिए सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जा रहा है।

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 18 मार्च, 2023

10

मन एक ऐसी जमीन है, जहां आप जैसी मानसिकता का बीज बोएंगे, आपको वैसा ही फल प्राप्त होगा।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

उत्तर कोरिया: तानाशाह की एक और बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चिंग को तैयार

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के प्योंगयांग में गुरुवार को सुनन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चिंग ड्रिल हुई। स्वतंत्र पत्रकारों को इस लॉन्चिंग को कवर करने की अनुमति नहीं थी। उत्तर कोरियाई सरकार द्वारा यह फोटो वितरित किया गया है। इसीलिए इस छवि पर कोरियाई भाषा में वॉटरमार्क है: "केसीएनए", जो कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी का संक्षिप्त नाम है। **-पीटीआई**

पाकिस्तान ने अब खेती के लिए सेना को उतारा

सौंपी 45 हजार एकड़ जमीन

एजेंसी | इस्लामाबाद

भारत का पड़ोसी पाकिस्तान इस समय दोहरे संकट का सामना कर रहा है। जहां एक तरफ आर्थिक हालात बद से बदतर हो चुके हैं, तो वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के मामले में भी दुनियाभर में थू-थू हो रही है। पाकिस्तानी जनता दाने-दाने को तरस रही है। पाई-पाई के लिए उसे आईएमएफ और दुनिया के अन्य देशों के सामने गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। इन तमाम संकटों के बीच हाथों में गोले-बारूद पकड़ने वाली पाकिस्तानी सेना ने खेती करने का फैसला लिया है।

पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने सेना को 45 हजार एकड़ जमीन दी है। 'कॉर्पोरेट एग्रीकल्चर फार्मिंग' करेगी। पाकिस्तानी सेना दुनियाभर में कई बार बदनामी करवा चुकी है। साथ ही, अतीत में भारत के हाथों भी उसे हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तानी सेना को खेती करने के लिए इजाजत इसलिए दी गई है, ताकि वह फसलों की पैदावार को बढ़ा सके। यह पूरा प्रोजेक्ट जॉइंट वेंचर में होगा।

भक्कर, खुशाब और साहीवाल में दी जमीन

'परियोजना को सफल बनाने के लिए सेना प्रबंधन स्तर पर एक भूमिका निभाएगी। हालांकि, भूमि का स्वामित्व प्रांतीय सरकार के पास बना रहेगा। सेना को कॉर्पोरेट कृषि खेती से प्राप्त होने वाले राजस्व में कोई लाभ या हिस्सा नहीं मिलेगा।' रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजाब सरकार के भक्कर, खुशाब और साहीवाल जिलों में 45,267 एकड़ जमीन पर कॉर्पोरेट कृषि शुरू की जाएगी। परियोजना को चरणों में पूरा किया जाएगा।

जमीन को खेती योग्य बनाना होगा बड़ा काम

जमीन को खेती योग्य बनाने के लिए पानी की व्यवस्था करना एक बहुत बड़ा काम होगा। संयुक्त उद्यम प्रबंधन समझौते पर पंजाब सरकार के साथ 8 मार्च, 2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के तहत पंजाब के राजस्व बोर्ड को 17 मार्च तक पशुधन विभाग की 981 एकड़, चक 61 एमबी, तहसील और जिला खुशाब, और 18 मार्च तक 837 एकड़ कृषि विभाग, चक 5 एमबी, तहसील कैदाबाद, को उपलब्ध कराने को कहा गया है। वहीं, विभागों को रिसर्च जरूरतों के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार जमीन का कुछ हिस्सा रखने की अनुमति है।

इमरान खान को मिली इस्लामाबाद हाईकोर्ट से राहत

गिरफ्तारी वारंट सस्पेंड

एजेंसी | कीव

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। हाईकोर्ट ने उनका गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 18 मार्च तक इमरान को गिरफ्तार करके अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था।

पूर्व पीएम ने अरेस्ट वारंट खारिज करवाने के लिए याचिका दायर की थी। उनके खिलाफ यह अरेस्ट वारंट तोशखाना केस में जारी हुआ था।कोर्ट ने उन्हें कल तक निचली अदालत के समक्ष पेश होने का भी मौका दिया है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आमेर फारूक ने खान के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद्द करते हुए सेशन कोर्ट और पुलिस को उन्हें पर्याप्त सुरक्षा देने का भी निर्देश दिया है। बता दें, पुलिस मंगलवार को जब लाहौर के जमान पार्क स्थित इमरान खान के आवास पर उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची तो पीटीआई समर्थकों से उनकी झड़प हो गई। बाद में अदालत के दखल देने पर ये संघर्ष खत्म हुआ था।

क्या है तोशखाना मामला

इमरान खान पर तोहफों में धांधली का आरोप लगा है। साल 2018 में देश के पीएम के तौर पर उन्हें यूरोप और खासकर अरब देशों की यात्रा के दौरान बहुत से कीमती तोहफे मिले थे। कथित तौर पर बहुत से गिफ्ट्स को इमरान ने डिक्लेयर ही नहीं किया, जबकि कई तोहफों को असल के काफी कम कीमत पर खरीद लिया और बाहर जाकर बड़ी कीमत पर बेच दिया।

गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का था आदेश

तोशखाना मामले में इस्लामाबाद की एक जिला अदालत ने इमरान खान के खिलाफ 28 फरवरी को गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और इस्लामाबाद पुलिस को 18 मार्च को उन्हें अदालत में लाने का निर्देश दिया था। उधर, लाहौर की जिला अदालत के जज ने इमरान को बिना शर्ता आत्मसमर्पण करना चाहिए, इसके बाद ही वे राहत के लिए उम्मीद कर सकते हैं। इधर, सूचना है कि इमरान लाहौर हाईकोर्ट नौ मामलों में जमानत याचिका पर सुनवाई में पहुंचेंगे।

खौफनाक: महिला का दिल पका कर फैमिली को खिलाया

फिर परिवार वालों की भी हत्या कर डाली

एजेंसी | नई दिल्ली

एक शख्स ने क्रूरता और हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। पहले उसने एक महिला की हत्या करके उसका दिल बाहर निकाला। घर पहुंचा और आलू के साथ पकाकर अपने परिवार वालों को खिला दिया। इस बात की परिवार वालों को भनक भी नहीं लगी। इसके बाद इसने अपने परिवार के लोगों को भी मौत के घाट उतार दिया। कोर्ट ने इस हैवान को पांच बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

मामला अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य का बताया जा रहा है। इस हैवान की पहचान 44 वर्षीय लॉरेंस पॉल एंडरसन के रूप में हुई है। इस शख्स को तीन लोगों की क्रूरता से हत्या में दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। लॉरेंस पॉल एंडरसन ने ड्रग्स के एक मामले में समय से पहले रिहा होने के कुछ हफ्तों बाद, एंड्रिया ब्लेंकशिप नाम की एक महिला की क्रूरता से हत्या की। इसके बाद महिला का दिल निकाल लिया। अपने घर ले गया और चाची के लिए आलू के साथ उसे पकाया। उसके परिवार के लोगों ने इस खाने को खाया। इसके बाद उसने 67 वर्षीय लियोन पाई और उनकी 4 वर्षीय पोती केओस येट्स को चाकू मारकर हत्या कर दी। एंडरसन को हत्या, मारपीट और अंग भंग करने का दोषी ठहराए जाने के बाद लगातार पांच आजीवन कारावास की सजा मिली। एंडरसन के खिलाफ शिकायत उसकी चाची ने की थी, जो हमले में घायल हो गई थी।

बर्ड फ्लू बन सकता है नई महामारी

बोल्डर (अमेरिका)। वर्ष 2021 में शुरू हुआ एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा का प्रकोप अमेरिका और दुनिया भर में इतिहास का सबसे बड़ा बर्ड फ्लू का प्रकोप बन गया है। अमेरिका में वायरस की वजह से लाखों व्यावसायिक रूप से पाली गई मुर्गियों, टर्की, बत्तखों और गीज़ को नष्ट कर दिया गया है और हजारों जंगली पक्षियों को मार डाला है। कई पशु विज्ञानी चिंतित हैं कि यह वायरस मनुष्यों में फैल सकता है और एक नई मानव महामारी का कारण बन सकता है।

बलूचिस्तान: कबायली नेता समेत सात लोगों की हत्या

एजेंसी | कराची

पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में हथियारबंद लोगों ने एक कबायली नेता समेत सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बलूचिस्तान में अर्द्धसैनिक बल 'लेवीज फोर्सज़' ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को मुर्गा किबजई इलाके में हुई जो जोब शहर से करीब 80 किमी दूर है। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने एक गाड़ी पर गोलीबारी की जिसमें कबायली नेता अहमद खान किबजई, उनके दो भाइयों समेत सात लोग सवार थे और घटना में सभी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने स्वचालित हथियारों से गाड़ी पर गोलीबारी की थी। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने कहा कि किबजई की स्थानीय स्तर पर दुश्मनी थी और हो सकता है कि इस शत्रुता की वजह से उन पर हमला किया गया हो।

बलूचिस्तान प्रांत में कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति संघीय सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ा रही है जो पहले ही देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है।

दुनिया का सबसे खुश इंसान

जांच में साइंटिस्ट नहीं खोज पाए उदासी

एजेंसी | पेरिस

साल 1946 में जब हमारा देश ब्रिटिश हुकूमत से आजादी की जंग छेड़े हुए था, तभी फ्रांस के सुदूर गांव में एक बच्चे का जन्म हुआ। मैथ्यू रिचर्ड नाम के इस बच्चे के माता-पिता फिलॉसफी पढ़ाते थे। मैथ्यू बाकी फ्रेंच बच्चों की तरह ही सामान्य स्कूल-कॉलेज गया और मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स में पीएचडी कर डाली। ये बड़ी डिग्री उस दौर में बड़ी नौकरी दिलाने के लिए काफी से भी ज्यादा बढ़िया थी, लेकिन यह युवक नाखुश था।

खुशी की तलाश में मैथ्यू फ्रांस से तिब्बत पहुंचे। वहां दलाई लामा का फ्रेंच दुभाषिए बने। रोज कुछ देर मेडिटेशन करते। धीरे-धीरे समय बढ़ता गया और मैथ्यू की खुशी भी बढ़ती चली गई। फिर, उसे कभी उदासी नहीं हुई।



मस्तिष्क में पैदा होती हैं गामा विकिरणें

विस्कॉन्सिन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसकी जांच की ठानी। वहां के न्यूरोलॉजिस्ट्स ने उनके स्कल पर 256 सेंसर लगा दिए, जिससे भीतर हो रही हर हलचल का पता लगे। ये रिसर्च 12 साल चली। इसमें दिखा कि जब भी मॉन्क ध्यान करते, उनका मस्तिष्क गामा विकिरणें पैदा करता था। यह भी दिखा कि ब्रेन का बायां हिस्सा दाहिने से काफी ज्यादा एक्टिव था। ये हिस्सा क्रिएटिविटी व खुशी से जुड़ा है। शोधकर्ताओं ने मान लिया कि मैथ्यू के भीतर इतनी ज्यादा खुशी है कि निगेटिविटी की कोई जगह ही नहीं।

ध्यान से ब्रेन में आता है बदलाव

यही रिसर्च बाकी बौद्ध संतों पर भी हुई। लंबे समय तक मेडिटेशन की प्रैक्टिस करने वालों के दिमाग में काफी सारे बदलाव होते हैं। यहां तक कि लगातार तीन हफ्तों तक 20 मिनट तक ध्यान से भी दिमाग के भीतर बदलाव आने लगे। रिचर्ड की किताब हैप्पीनेस- ए गाइड टू डेवलपिंग लाइफ्स मोस्ट इंपॉर्टेंट स्किल में बताया गया है कि हर दिन 10 से 15 मिनट तक सिर्फ और सिर्फ अच्छी बातें सोचना शुरू करें। सिर्फ 3 हफ्तों के भीतर ब्रेन में बदलाव होने लगेगा आप मुश्किल हालातों में भी दिमाग कंट्रोल खोए बिना सामान्य रहने लगता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।

संपादक: मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl